हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 24 सितंबर 2026

नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद खाली था प्रदेश प्रभारी का पद

अब स्मृति के हाथों में छत्तीसगढ़ भाजपा की कमान, सिद्धार्थ बनाए गए सह-प्रभारी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई टीम बनाने के बाद भाजपा संगठन में अहम बदलाव किया है। उन्होंने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी बदल दिए हैं। कुल 36 प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों में यह बदलाव हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रभारी बनाया गया है। सिद्धार्थ शंभू को सह प्रभारी बनाया गया है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के दो नेताओं को दूसरे राज्यों में सह प्रभारी नियुक्त किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

20 जनवरी को नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी का पद खाली हो गया था। नबीन इससे पहले छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब करीब आठ महीने बाद पार्टी ने प्रदेश संगठन के लिए नई जिम्मेदारी तय की है। स्मृति ईरानी के सामने छत्तीसगढ़ में केंद्रीय नेतृत्व और ⏭ शेष पेज 8 पर

सीएम साय ने दी बधाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को प्रदेश प्रभारी और सिद्धार्थ शंभू को सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने से उनके दीर्घकालिक राष्ट्रीय अनुभव, राष्ट्रसेवा और संगठन के प्रति समर्पण छत्तीसगढ़ में भाजपा के संगठन तथा जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका के बाद मिली अहम जिम्मेदारी

इससे पहले भाजपा की नई संगठनात्मक टीम में स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई थी। केंद्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुकीं स्मृति ईरानी को अब दो राज्यों की संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है। उन्हें छत्तीसगढ़ के साथ हरियाणा का भी प्रभारी नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और पार्टी संगठन को लेकर भी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां चल रही हैं। ऐसे में प्रदेश प्रभारी की भूमिका सरकार और संगठन के बीच समन्वय के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी। 2028 के चुनावों के मद्देनजर भी उनकी नियुक्ति को खास मानी जा रही है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किसे दी जिम्मेदारी?

- आंध्र प्रदेश- प्रभारी-अरविंद भदौरिया, सह प्रभारी- बनथी श्रीनिवासन
- असम- प्रभारी- मंगल पांडे, सह प्रभारी- फांग्नोन कोन्याक, मनोज टिग्गा
- छत्तीसगढ़- प्रभारी स्मृति ईरानी, सह प्रभारी- सिद्धार्थ बाबू
- दिल्ली- प्रभारी- विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी- जामयांग त्सेरिंग नामग्याल, दर्शनाबेन जरदोश
- हरियाणा- प्रभारी-स्मृति ईरानी, सह प्रभारी- भोला सिंह
- गुजरात- प्रभारी-तरुण चुघ, सह प्रभारी- अजय महावर और गोमती साईं
- जम्मू-कश्मीर- प्रभारी-सतीश पूनिया, सह प्रभारी-रीना कश्यप
- मणिपुर-राजदीप रॉय
- झारखंड- प्रभारी-गजेंद्र पटेल, सह प्रभारी- सौरभ सिंह, निवेदिता सिंह
- कर्नाटक- प्रभारी, ⏭ शेष पेज 8 पर

युवाओं-महिलाओं तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाएंगे केंद्रीय मंत्री

चिंतन शिविर : पीएम मोदी ने शासन और सुधारों पर किया मंथन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के सभी मंत्रियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन की बैठक में सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने, प्रशासनिक सुधारों, योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी और महिलाओं व युवाओं तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, चार घंटे से अधिक चली बैठक में अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को आठ समूहों में बांटा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक समूह के साथ अलग-अलग बातचीत की। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से विभिन्न मुद्दों पर फीडबैक लिया और सरकार के कामकाज से जुड़े कई पहलुओं पर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। पहले दिन की चर्चा में शासन व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार और कल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं तथा युवाओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के ⏭ शेष पेज 8 पर

'जन विश्वास से जन आधार' पर भी चर्चा

मंत्रियों ने 'जन विश्वास से जन आधार', सरकार के सभी क्षेत्रों में सुधार और 'विकसित भारत@2047' के लक्ष्यों को लेकर भी विचार-विमर्श किया। बैठक का उद्देश्य सरकार के अब तक के कामकाज की समीक्षा करने के साथ भविष्य की प्राथमिकताएं तय करना भी है। सूत्रों के अनुसार, चिंतन शिविर में कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, नीतियों को लागू करने में आने वाली दिक्कतों और मंत्रालयों के बीच समन्वय जैसे मुद्दों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

योजनाओं की डिलीवरी और काम की निगरानी पर जोर

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर और प्रभावी तरीके से पहुंचे। इसके लिए अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर समन्वय की जरूरत पर चर्चा हुई। सरकार के कामकाज में समय प्रबंधन, योजनाओं की प्रगति की निगरानी, नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन और सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी भी चिंतन शिविर के एजेंडे में शामिल हैं।

खबर संक्षेप

आदिवासी पर्व करम के दौरान पांच नदी में डूबे

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में बुधवार को आदिवासी पर्व करम के दौरान वृक्ष की पूजी गई एक डाल के विसर्जन के दौरान तीन नाबालिग समेत कम से कम पांच लोग कोयल नदी में डूब गए। मृतकों की पहचान अमित ठाकुर (22), नितीश सिंह (18), विशाल पासवान, राजा सिंह और हेमंत कुमार सिंह (8) के रूप में हुई है।

बम, पांच कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

पटना। पटना के अगमकुआं इलाके में पुलिस ने एक बम और पांच कारतूस बरामद किया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, इस बरामदगी के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। इस दौरान दो लोगों के कब्जे से हथगोले जैसे दिखने वाला एक बम और पांच कारतूस बरामद किए गए।

सीएम बोले-रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक

8 घंटे में 1188 महिलाओं ने दिया खून गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रक्तदान महाकुंभ में बुधवार को बड़ा रिकार्ड बना। यहां 12,548 लोगो ने किया रक्तदान, जिसमें 1,188 महिलाएं थी। एक ही दिन में 8 घंटे के भीतर सबसे अधिक महिलाओं के रक्तदान की ऐतिहासिक पहल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। रक्तदाता द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाकर उसके परिवार के लिए नई उम्मीद बन सकता है। आज बड़ी संख्या में माताओं-बहनों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों का रक्तदान, देहदान और अंगदान के लिए आगे आना सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की प्रेरणादायी मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ⏭ शेष पेज 8 पर

मजबूत हो रही प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है और इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों का स्वेच्छा से आगे आना समाज में सेवा भावना की मजबूती को दर्शाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने नागरिकों से आयुष मेले, स्वास्थ्य जांच शिविर और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

कहीं पड़े-पड़े दवाई हो गई एक्सपायर तो कहीं एक्सपायरी और मैन्युफैक्चरिंग डेट ही गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा के शासकीय अस्पतालों में हरिभूमि टीम की पड़ताल

हरिभूमि फॉलोअप

शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई करने का काम छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है लेकिन शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। अस्पताल में सप्लाई की जा रही दवाओं के पैकेजिंग पर निर्माण और कालातीत अवधि अंकित की जा रही है लेकिन अंदर दवाओं के डिब्बों पर इसका कोई जिक्र नहीं होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अस्पताल में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर दवाएं एक्सपायर हो रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी कई दवाइयां है जिनकी सप्लाई अस्पतालों में नहीं कराई जा रही है और उन दवाओं को अस्पताल प्रबंधन या तो बाहर से खरीद रहा है या फिर मरीजों को अपनी जेब से रूपए खर्च करना पड़ रहा है। सरगुजा के ⏭ शेष पेज 8 पर

सप्लाई का गजब खेल, कोरोना के बाद भी पीपीई किट की भरमार, जरूरी दवाओं के लिए इंतजार

सोल्यूशन के डिब्बे पर नहीं थी कोई जानकारी

अस्पताल में सप्लाई की गई हाईड्रोजन पाराक्साइड सोल्यूशन के कार्टून पर तो मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट अंकित थी लेकिन सोल्यूशन के डिब्बे के ऊपर इसकी कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में जब यह दवा उपयोग के लिए दी जाएगी तो इसके उपयोग पर पर संशय होना लाजमी है। अस्पताल में कई ऐसे मरीज के परिजन भी मिले जिन्हें ⏭ शेष पेज 8 पर

छग के युवा अब बनेंगे जॉब-क्रिएटर, सीएम स्टार्टअप एवं निपुण मिशन' तैयार, खर्च होंगे 500 करोड़

राज्य के बड़े औद्योगिक केंद्रों में प्लेसमेंट मिलेगा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने के लिए राज्य सरकार एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना लेकर आई है। मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं निपुण मिशन के रूप में संचालित होने वाली इस योजना पर सरकार अगले पांच साल में 500 करोड़ रुपए खर्च करेगी। खास बात ये है कि इस योजना की प्रशासनिक एवं शासन संरचना (गवर्नेंस) के लिए बनने वाली समिति की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। समिति मिशन को शीर्ष स्तर पर रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रगति की समीक्षा प्रदान करेगी।

इस मिशन की आवश्यकता क्यों पड़ी, इसका मुख्य आधार ये है कि 2011 के आंकड़ों के अनुसार राज्य के कुल कार्यबल में किसानों (32.87%) और कृषि मजदूरों (41.80%) की हिस्सेदारी लगभग 74.7 प्रतिशत है। वहीं, पीएलएफएस 2022-23 के अनुसार कृषि, वानिकी और मछली पालन में यह हिस्सा 62.6% है, जो कि राष्ट्रीय औसत (45.8%) से काफी अधिक है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' के मुताबिक, वर्ष 2030 तक आज के करीब 39 प्रतिशत कौशल अप्रासंगिक हो जाएंगे। आगामी पांच वर्षों में राज्य को 18 से 22 लाख गैर-कृषि औपचारिक रोजगारों की आवश्यकता होगी।

मिशन के प्रमुख स्तंभ

यह मिशन दो पूरक विकास इंजनों (कौशल विकास व रोजगार तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम) पर आधारित है, जो निम्नलिखित चार स्तंभों के माध्यम से संचालित होगा। नवाचार एवं प्रौद्योगिकी आधार बनाने के लिए राज्य के सभी 33 जिलों में 'जिला नवाचार एवं उद्यमिता विकास केंद्र' और विद्यालयों-महाविद्यालयों में 100 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब्स' की स्थापना की जाएगी। आधुनिक विनिर्माण तकनीक, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और कौशल विकास के लिए 5 इंडस्ट्री एक्सीलेंस सेंटर 'लिविंग इनोवेशन कैंपसेस' के रूप में विकसित किए जाएंगे।

40 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य

परिणाम-आधारित औपचारिक रोजगार कार्यक्रम (निपुण जॉब इंजिन)के तहत 40 हजार युवाओं को सत्यापित औपचारिक रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। यह दो ट्रैक्स पर काम करेगा—ट्रैक ए के तहत छत्तीसगढ़ के बाहर के बड़े औद्योगिक केंद्रों में प्लेसमेंट (प्रति वर्ष 84 हजार रुपयों तक की सहायता) और ट्रैक बी के तहत छत्तीसगढ़ के स्थानीय उद्योगों में नए औपचारिक रोजगार सृजन पर सहायता प्रति वर्ष 48 हजार रुपए दिए जाएंगे।। यह लाभ केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को मिलेगा। स्टार्टअप्स के फंडिंग गैप को भरने के लिए 100 करोड़ रुपयों का राज्य-समर्थित अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड बनाया जाएगा, जिसमें राज्य सरकार एंकर निवेशक के रूप में 50 करोड़ रुपयों का योगदान देगी।

ये होगी संरचना

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समितिः यह मिशन को शीर्ष स्तर पर रणनीतिक मार्गदर्शन और प्रगति की समीक्षा प्रदान करेगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित यह समिति वार्षिक कार्य योजनाओं, वित्तीय स्वीकृतियों और दिशानिर्देशों को मंजूरी देगी। 'इन्वेस्ट छत्तीसगढ़' (छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन अधिनियम के तहत नोडल एजेंसी) इस मिशन की केंद्रीय संचालन और क्रियान्वयन इकाई होगी। इस मिशन के माध्यम से ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों, महिलाओं और पहली पीढ़ी के उद्यमियों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे छत्तीसगढ़ को कुशल मानव संसाधन और आधुनिक विनिर्माण का एक मजबूत केंद्र बनाया जा सके।

ताड़ोकी-रावघाट रेलखंड पर स्पीड ट्रायल पूरा, कमीशनिंग की ओर बढ़ी परियोजना

रायपुर। दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेललाइन परियोजना के ताड़ोकी-रावघाट सिंगल लाइन विद्युतीकृत ब्रॉडगेज सेक्शन पर मंगलवार को रेल संरक्षा आयुक्त दक्षिण पूर्व परिमंडल, कोलकाता सुमीत सिंघल ने निरीक्षण किया। साथ ही रेलखंड पर गति परीक्षण, स्पीड ट्रायल भी संपन्न हुआ। सीआरएस स्पेशल ट्रेन से ताड़ोकी से रावघाट सेक्शन पहुंचे और नई रेललाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान रेललाइन, पुल-पुलियों, विद्युतीकरण, सिग्नलिंग व अन्य संरक्षा एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच की गई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत रेलखंड की परिचालन क्षमता और संरक्षा मानकों का भी परीक्षण किया गया। बता दें कि दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना को क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित परियोजना बताया जा रहा है। वर्तमान में दल्लीराजहरा से ताड़ोकी तक यात्रियों को रेल सुविधा मिल रही है। अब ताड़ोकी-रावघाट सेक्शन का सीआरएस निरीक्षण और गति परीक्षण पूरा होने के बाद परियोजना कमीशनिंग की दिशा में आगे बढ़ी है। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), बिलासपुर मुख्यालय मुदित भटनागर, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से सरोजकांता पात्रा, भावेश पांडे, कन्हैया गोयल सहित रेलवे और आरवीएनएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अब सैटेलाइट बताएगा खेत में कितना धान लगा रकबे की डिजिटल जांच, डुबान क्षेत्रों की निगरानी

जमीनी सर्वे के साथ जोड़ा जाएगा तकनीकी सत्यापन

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा खाद्य संचालनालय साथ मिलकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के लिए अब खेत के रकबे की जांच सैटेलाइट इमेजरी और आधुनिक तकनीक से करने की तैयारी है। खाद्य संचालनालय और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीजीकॉस्ट) के बीच इसके लिए बुधवार को एमओयू हुआ। इसके तहत सैटेलाइट इमेजरी, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक के जरिए प्रदेश में धान की खेती के वास्तविक रकबे का आकलन और सत्यापन किया जाएगा। नई व्यवस्था में खेत के डिजिटल रिकॉर्ड को सैटेलाइट से मिली तस्वीरों से मिलाया जाएगा। जियो-रेफरेंस्ड कृषि भूखंडों के अक्षांश-देशांतर की जानकारी का सैटेलाइट इमेजरी से मिलान कर यह देखा जाएगा कि संबंधित खेत में वास्तव में धान की फसल मौजूद है या नहीं। इससे धान के रकबे के आकलन में जमीन पर किए जाने वाले सर्वे और उपलब्ध रिकॉर्ड के साथ तकनीकी सत्यापन भी जुड़ जाएगा।

इससे भविष्य में धान के रकबे के आकलन, डिजिटल क्रॉप सर्वे और उपार्जन संबंधी निर्णयों के लिए सैटेलाइट तथा भू-स्थानिक डेटा का उपयोग बढ़ेगा। इससे धान खरीदी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सटीक और डेटा आधारित बनाने का आधार तैयार होगा। एमओयू के दौरान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, खाद्य संचालक डॉ.फरिहा आलम और सीजीकॉस्ट के संचालक कवीश्वर उपस्थित रहे। इस व्यवस्था में वन अधिकार अधिनियम के तहत आने वाली कृषि भूमि और डुबान क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा।

इन क्षेत्रों में कई कृषि भूखंडों की जियो-रेफरेंस्ड डिजिटल जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण सत्यापन में दिक्कत आती है। अब ऐसे क्षेत्रों की जीआईएस आधारित पॉलीगॉन लेयर तैयार कर डिजिटल मैपिंग की जाएगी। इसके बाद सैटेलाइट तस्वीरों और रिमोट सेंसिंग के माध्यम से इन इलाकों में धान की खेती वाले वास्तविक क्षेत्रफल का आकलन किया जा सकेगा। इससे उन कृषि क्षेत्रों का भी डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा, जहां पारंपरिक भू-अभिलेखों के आधार पर फसल सत्यापन चुनौतीपूर्ण है।

सीजीपीएससी घोटाला : चेतन को उत्कर्ष का धमकी भरा मैसेज-सबको ले डूबूंगा

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला में ईडी की चार्जशीट में उत्कर्ष चंद्राकर तथा पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसजी चेतन बोरघरिया के बीच चैट का प्रमुख साक्ष्य के रूप में उल्लेख किया गया है। चैट में उत्कर्ष के रकम मांगने और दबाव बनाने वाले मैसेज हैं, तो दूसरी तरफ चेतन के मैसेज में वेट करो, तुम्हारा ही काम कर रहा हूं, और दूसरी ओर से पांच ही हो पाएगा, जैसे जवाब दर्ज हैं। जांच एजेंसी ने इन संदेशों को दोनों के वित्तीय लेन-देन और बैंक रिकॉर्ड के साथ जोड़कर अपनी जांच का हिस्सा बनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री के ओएसडी ने अभ्यर्थियों से रकम लेने की बात से इनकार किया है।ईडी द्वारा कोर्ट में पेश चार्जशीट के मुताबिक 14-15 मई 2025 से चेतन तथा उत्कर्ष ने एक-दूसरे को मैसेज किया। मैसेज में उत्कर्ष ने चेतन को लिखा- उत्कर्ष हूं सर, कॉल नहीं उठाओगे तो प्रॉब्लम बढ़ जाएगी। इसके बाद चेतन ने उत्कर्ष को ब्लॉक कर दिया। रिकॉर्ड के मुताबिक 11 अगस्त 2025 को उसे अनब्लॉक किया गया और दोनों के बीच फिर संपर्क शुरू हुआ। उत्कर्ष के दूसरे संदेशों में रकम को लेकर दबाव और बढ़ता दिखाई देता है। उसने लिखा है, पेन ड्राइव में है सब मेरे, मीडिया में दूंगा और केस भी करूंगा। एक अन्य संदेश उसने लिखा की सबको ले के डूबूंगा। उत्कर्ष के मैसेज का चेतन ने जवाब देते हुए लिखा- पूछ चुका हूं, जब आ जाएगा तो सामने वाला खुद ही कर देगा, तुम्हारा डिटेल्स फारवर्ड कर चुका हूं। इसके बाद उन्होंने 27 अक्टूबर को तीन मैसेज लिखे, जिसमें वेट करो, कल तक आएगा और तुम्हारा ही काम कर रहा हूं लिखा था। दूसरे दिन चेतन ने उत्कर्ष को फिर तीन मैसेज किए, इसमें लिखा था-इधर पांच ही हो पाएगा उससे ज्यादा नहीं, हो गया है और कल हैंडओवर होगा। 29 नवंबर को एक भुगतान के स्क्रीनशॉट के साथ चेतन का मैसेज है जिसमें अभी सैलरी से किया हूं लिखा है।

बोरघरिया बोले - उधार की रकम लौटाई

ईडी का आरोप है कि उत्कर्ष चंद्राकर, डॉ. विकास चंद्राकर और अन्य के जरिए सीजीपीएससी के अभ्यर्थियों से चयन के नाम पर करीब 3.13 करोड़ रुपए जुटाए गए। ईडी ने चेतन और उत्कर्ष के व्हाट्सएप चैट व बैंक लेन-देन को भी जांच में शामिल किया है। चैट में उत्कर्ष पैसे मांगता दिखता है, जबकि चेतन वेट करो, तुम्हारा ही काम कर रहा हूं, जैसे जवाब देता है। चेतन ने ईडी को बताया कि उन्होंने उत्कर्ष से करीब 5-6 लाख रुपए उधार लिए थे और वही रकम लौटाई थी।

कोई भी अज्ञात या पक्ष जेसीबी के नाम, लोगो, ट्रेडमार्क या पहचान का इस्तेमाल इस तरह नहीं कर सकता

ट्रेडमार्क और ब्रांड अधिकारों का उल्लंघन, हाईकोर्ट ने गूगल और मेटा को आपत्तिजनक और भ्रामक वीडियो हटाने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली हाईकोर्ट ने ट्रेडमार्क और ब्रांड अधिकारों के उल्लंघन के कोरबा जिले के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए गूगल और मेटा को निर्देश दिया है कि वे जेसीबी से जुड़े आपत्तिजनक और भ्रामक वीडियो को 36 घंटे के भीतर हटाएं। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अज्ञात या पक्ष जेसीबी के नाम, लोगो, ट्रेडमार्क या पहचान का इस्तेमाल इस तरह नहीं कर सकता जिससे कंपनी के साथ किसी भी प्रकार के संबंध का भ्रम पैदा हो। प्लेटफॉर्म्स को चार सप्ताह के भीतर सब्सक्राइबर और आईपी लॉग विवरण उपलब्ध कराने तथा छह सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने को कहा गया है।

छत्तीसगढ़ के जेसीबी डीलरशिप विवाद से जुड़े दो अधिकारियों की गिरफ्तारी का दावा करने वाले इंटरनेट मीडिया वीडियो पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस ज्योति सिंह ने जेसीबी इंडिया लिमिटेड और उसके दो अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए गूगल एलएलसी को तीन यूट्यूब वीडियो और मेटा प्लेटफार्म्स को इंस्टाग्राम के 10 लिंक हटाने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई आदेश की प्रति मिलने के 36 घंटे के भीतर करनी होगी। अदालत ने अज्ञात आनलाइन संचालकों को भी संबंधित वीडियो बनाने, अपलोड करने, साझा करने और प्रसारित करने से रोक दिया है। विशेष रूप से, जेसीबी अधिकारियों की गिरफ्तारी या हिरासत में लिए जाने की जानकारी फैलाने वाले सामग्री पर रोक लगाई गई है।

जेसीबी इंडिया के अनुसार, कंपनी ने 2017 में कृष्णा आटो राइडर्स प्राइवेट लिमिटेड (केएआरपीएल) को छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में अपने उत्पादों का अधिकृत डीलर बनाया था। डीलरशिप की अवधि 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो गई, जिसे 22 जनवरी 2025 के समझौते से 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाया गया। विवाद मध्यस्थता की प्रक्रिया तक पहुंच गया।

कोर्ट के आदेश के अनुसार केआरपीएल के निदेशख गौरव मोदी ने 10 नवंबर 2025 को कोरबा जिले कटघोरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में जेसीबी के अधिकारियों और पूर्व अधिकारियों को नामजद किया गया था। इस दौरान जेसीबी ने आरोप लगाया कि इसी दौरान इंटरनेट मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आए, जिनमें दोनों अधिकारियों को गिरफ्तार या हिरासत में लेना बताया गया जबकि ऐसी कोई कार्रवाई हुई ही नहीं थी। कंपनी ने अदालत में कहा कि इनसे अधिकारियों की व्यक्तिगत और पेशेवर प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। आनलाइन अकाउंट की वास्तविक पहचान सामने नहीं होने के कारण समान सामग्री नए लिंक या दूसरे प्लेटफार्म से दोबारा प्रसारित की जा सकती है।

वीडियो, कंटेंट बनाने अपलोड करने पर रोक

जस्टिस ज्योति सिंह ने वीडियो देखने के बाद कहा कि वादियों ने प्रथमदृष्टया अंतरिम निषेधाज्ञा का मामला बनाया है। रोक नहीं लगाने पर वादियों को ऐसी क्षति हो सकती है जिसकी भरपाई कठिन हो। अदालत ने अज्ञात संचालकों को वीडियो या उसके समान कंटेंट बनाने, प्रकाशित करने, अपलोड करने, साझा करने अथवा प्रसारित करने से रोक दिया। गूगल एलएलसी को तीन यूट्यूब लिंक और मेटा प्लेटफार्म्स को इंस्टाग्राम के चार से 14 तक के लिंक 36 घंटे के भीतर हटाना होगा। गूगल और मेटा को संबंधित अकाउंट की बीएसआइ और आइपी संबंधी जानकारी चार सप्ताह में जेसीबी को पासवर्ड-सुरक्षित दस्तावेज में देनी होगी। अगली सुनवाई 18 जनवरी 2027 को होगी।

टीआई समेत आठ हुए थे सस्पेंड

इस मामले में कोरबा पुलिस की गंभीर अनियमितता सामने आई थी। मामले की जांच के लिए कटघोरा पुलिस को ट्रेन से दिल्ली जाना था, लेकिन सभी ने हवाई यात्रा की। टिकट का खर्च शिकायतकर्ता की ओर से वहन किया गया। इस अनियमितता की पुष्टि हुई तब टीआई मोती पटेल सहित आठ कर्मियों को सस्पेंड किया गया था।

अभियंता दिवस पर 25 सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता सम्मानित

रायपुर। संगी मितान सेवा समिति रायपुर द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर नगर निगम मुख्यालय भवन के सभागार में रायपुर नगर निगम के सेवानिवृत्त 25 वरिष्ठ अभियंताओं को शॉल, श्रीफल स्मृति चिन्ह देकर मंच पर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं का सम्मान महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी एवं आयुक्त संबित मिश्रा ने किया महापौर मीनल चौबे ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं को सुखमय और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगी मितान सेवा समिति रायपुर के अध्यक्ष निशीकांत वर्मा सहित अन्य अभियंता पदाधिकारियों की मंच पर उपस्थिति रही। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूके घलेन्द्र, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता राकेश गुप्ता, हेमंत शर्मा, बद्री चंद्राकर, संतोष पाण्डेय, सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी, हरेंद्र कुमार साहू, हेमंत सोलंकी, रघुमणि प्रधान, संजय शर्मा, राकेश अवधिया, विमल शर्मा, सहायक अभियंता राजनारायण पटेल, विनोद चतुर्वेदी, उपअभियंता ललित वर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित अन्य सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव दिल्ली में स्वास्थ्य लाभ के बाद आज रायपुर पहुंचे। भाजपा की प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पांडेय ने रायपुर विमानतल में उनका तिलक कर, पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत किया साथ ही उनके कुशल मंगल की कामना की।

युद्ध के कारण हुआ था विशेष मूल्यांकन, अब पुनः परीक्षा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पश्चिम एशिया के 7 देशों में युद्ध के कारण सीबीएसई कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं रद कर दी गई थी। सीबीएसई की ओर से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं रद्द होने के बाद सीबीएसई ने 27 जुलाई को विशेष मूल्यांकन योजना जारी की थी। विशेष मूल्यांकन योजना के आधार पर पश्चिम एशियाई देशों में कक्षा 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया था। रिजल्ट जारी होने के बाद सीबीएसई ने इन 7 देशों में दोबारा परीक्षा आयोजित करवाने का फैसला लिया है। इस परीक्षा में उन छात्रों को शामिल होने का मौका मिलेगा, जो अपने अंकों से संतुष्ट नहीं है और परीक्षा में शामिल होकर अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। बता दें, परीक्षा के बाद बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट अंतिम माना जाएगा। सीबीएसई ने पश्चिम एशियाई के 7 देशों ईरान, बहरीन, ओमान, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और यूएई में दोबारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा आयोजित करवाने का फैसला लिया है। इस परीक्षा में शामिल होकर छात्र अपने अंकों में सुधार कर सकेंगे। सीबीएसई की ओर से पश्चिम एशिया के 7 देशों में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 40 विषयों के लिए आयोजित कराई जाएगी। इसमें 20 अकेडमिक विषय और 20 स्किल विषय शामिल होंगे। सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। इसके साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात ही सीबीएसई की ओर से कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी की जाएगी। बता दें, बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों से दोबारा परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। बोर्ड एक ओर जहां 2026 की परीक्षाएं पुनः आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

इसरो रिपोर्ट से खुली पोल, जिस वनभूमि का मुआवाजा लिया वहीं कब्जा कर काटे 30 हजार पेड़

धमतरी से सटे यूएसटीआर के 35 हेक्टेयर वनभूमि में किए थे कब्जा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के वनभूमि में अवैध कब्जा थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां एक नया प्रकरण सामने आया है। 55 ग्रामीणों ने धमतरी से सटे कारका वनभूमि (जो हाथियों का प्रमुख कॉरिडोर है) में एक दशक में 30 हजार पेड़ों की कटाई कर 35 हेक्टेयर वनभूमि पर कब्जा कर लिया है। इस बात की पुष्टि यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने की है। वनभूमि में कब्जा करने की जानकारी इसरो की इमेजरी रिपोर्ट से हुई। करका पूर्व में एक वन ग्राम था, जो सोंढूर बांध के कैचमेंट क्षेत्र में, तत्कालीन सीतानदी अभयारण्य के अंतर्गत स्थित था। सोंढूर वांध के निर्माण के वाद वर्ष 1980 के दशक में इस गांव का विस्थापन किया गया। उपलब्ध विभागीय अभिलेखों के अनुसार, करका गांव के 55 व्यक्तियों को जल संसाधन विभाग द्वारा मुआवजा प्रदान किया गया। इसके बावजूद, इस वन्यप्राणी अभ्यारण्य क्षेत्र की ऊंचाई पर स्थित वनभूमि पर पुनः अतिक्रमण एवं वन कटाई की गतिविधियां सामने आई हैं। जिन लोगों ने वनभूमि पर कब्जा किया है, उनमें से 22 लोगों खिलाफ वर्ष 2016 में वनभूमि में कब्जा करने पीओआर दर्ज की गई थी। उनके द्वारा तब 22 हेक्टेयर वनभूमि में अवैध कब्जा किया गया था। कारका पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्र था, इस बात का फायदा उठाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने एक दशक में 30 हजार पेड़ों की कटाई कर वनभूमि में आवास बनाकर रहने के साथ कृषि कार्य करने लगे। अतिक्रमित क्षेत्र की यूएसटीआर प्रबंधन जीपीएस मैपिंग करवा रहा है तथा डीजीपीएस आधारित ड्रोन मैपिंग के माध्यम से अतिक्रमण की वास्तविक सीमा एवं वन विनाश की स्थिति को वैज्ञानिक एवं सत्यापन योग्य डिजिटल साक्ष्यों के रूप में दर्ज किया जा रहा है। वन विभाग को जो इमेजरी रिपोर्ट मिली है, उसमें 11 सौ पेड़ों को गार्डलिंग (सूखाकर) काटे जाने की पुष्टि हुई है। विभाग द्वारा इस मामले में जीपीएस, डीजीपीएस को-ऑर्डिनेट्स, ड्रोन इमेजरी, सैटेलाइट इमेजरी, मैदानी फोटोग्राफ, स्वतंत्र गवाहों के बयान तथा अन्य डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, ताकि इन्हें जांच एवं आवश्यकता पड़ने पर न्यायालयीन कार्यवाही में प्रस्तुत किया जा सके। मंगलवार को यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन के नेतृत्व में वन विभाग के दो दर्जन अधिकारी, कर्मचारियों की टीम जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल थी, अतिक्रमित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान टीम ने मौके पर गांव के ही मुकेश मरकाम को अतिक्रमित वनभूमि कृषि कार्य करते देखा। पूछताछ में उसने बताया कि वो फसलों की रखवाली करने का काम करता है। इस दौरान ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और हंगामा करते हुए मौके से मुकेश को भगाने में मदद की। जांच में बाधा डालने वाले ग्रामीणों के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। वन विभाग द्वारा यह भी अभिलेखों के आधार पर जांच की जा रही है कि मामले में शामिन कुछ व्यक्तियों को वर्ष 2015-16 में अन्य स्थानों पर वनाधिकार भूमि पहले से आवंटित की जा चुकी थी जिसके वावजूद अतिरिक्त वनभूमि पर कब्जे किये गये जिसकी जांच प्रगतिरत है।

SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA

Suitable Candidates may send their resume within 10 days from the date of this advertisement

RECRUITMENT

Professor / Associate Professor/Assistant Professor
Eligibility :- As Per UGC/NCTE Norms And Regulations

S.No.	Faculty	Department/Subjects
1)	B.Sc.+B.Ed.	Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany, English, Communication, Education,
2)	B.A.+B.Ed.	History, Political Science, Economics, Geography, English, Hindi, Communication, Education,
3)	B.Com.+B.Ed.	Accounting, Business Administration, Economics, Linguistics, English, Hindi, Communication, Education,
4)	M.P.Ed. & D.P.Ed.	Professor/Associate Professor/Assistant professor/ Sports Trainers/ Principal/Head Lecturer/ Physiotherapist / Specialist Part Time Faculty Dietician/ Nutrition Expert / ICT Instructor
5)	Diploma in Arts Education Visual Arts & Performing Arts	Principal / Head of Department (HoD)/ Lecturer / Assistant Professor/Lecturer / Assistant Professor/ Lecturer / Assistant Professor/ Part-Time / Visiting Instructors
6)	Education	Special Education
7)	Engineering	Metallurgy Engineering , Computer Science
8)	Law	PROFESSOR
9)	Management	PROFESSOR
10)	Arts	Psychology, Economics, Social Work
	Administrative Position	
11)	Registrar	According to approval body norms
12)	Marketing Department	Marketing Manager, Marketing Executive, Counsellor, Telecaller, Office Assistant Qualification, According to approval body norms
13)	Engineer	Electrical Engineer Maintainance

9399734522 Email: hr@sru raipur.ac.in

NH-30, POST OFFICE-MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR, CHHATTISGARH, 492015.

Khanna Advt.

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

लिंगेश्वरी माता के दरबार में आस्था का सैलाब
संतान की कामना लेकर पहुंचे हजारों दंपति

भरत भारद्वाज ▶▶| फरसगांव

हरिभूमि फॉलोअप

कोंडागांव जिले के फरसगांव स्थित आलोर-झाटीबन की पहाड़ी गुफा में विराजमान मां लिंगेश्वरी का दरबार 23 सितम्बर बुधवार सुबह मंदिर पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ▶▶|शेष पेज 8 पर

1500 की मन्नत हुई पूरी

मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष 1,500 से अधिक श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने का आंकड़ा दर्ज किया गया है। बताया गया कि इन दंपतियों ने वर्ष 2025 में मां लिंगेश्वरी के दरबार में पहुंचकर संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने के बाद 2026 में ये दंपति अपनी संतान को साथ लेकर दोबारा मां लिंगेश्वरी के दर्शन और आभार प्रकट करने पहुंचे।

गुफा खुलने पर मिले शेर के पदचिह्न

मंदिर के पुजारी ने बताया कि गुफा के भीतर प्रवेश करने पर सबसे पहले शेर के पदचिह्न दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार इसे अच्छी बारिश, बेहतर फसल और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। क्योंकि माता शेर पर सवार होती है। मां लिंगेश्वरी के दरबार में दूर-दूर से पहुंचने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने की कामना करते हैं।

बस्तर महाराजा, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधियों ने किए दर्शन

मां लिंगेश्वरी के दर्शन करने वालों में बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव भी अपनी धर्मपत्नी के साथ शामिल रहे। उन्होंने गुफा में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की और संतान प्राप्ति की कामना की। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व सांसद मोहन मंडावी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने मंदिर पहुंचकर मां लिंगेश्वरी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा सुबह से शाम तक अन्य जनप्रतिनिधियों का भी मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

---

90 दिन पूरे होने से पहले पुलिस ने कोर्ट में पेश किया आरोप पत्र

राम मंदिर में दर्शन के नाम पर पैसे लेता था टिन्नू, 74 हजार पन्नों की चार्जशीट

अयोध्या में स्थित राम मंदिर चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी। चार बक्सा और एक गत्ते में पैक चार्जशीट लेकर पुलिस न्यायालय पहुंची। करीब 74 हजार पन्नों से अधिक चार्जशीट में कई खुलासे हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि दर्शन के नाम पर आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू श्रद्धालुओं से पैसे लेता था। इधर, चार्जशीट दाखिल होने के बाद वकील आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि पहले हमें चार्जशीट की कापी देनी थी।

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिया। 90 दिन की समयावधि बुधवार को पूरी हुई और विवेचक सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। चार्जशीट 74 हजार पन्नों से अधिक की बताई जा रही है। चार बक्सा और एक गत्ते में पैक चार्जशीट लेकर पुलिस न्यायालय पहुंची।

- आठ आरोपियों पर कई आरोप, खुलेंगे राम मंदिर चढ़ावा चोरी के राज

रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास बिना किसी औपचारिक आदेश के दानपात्रों की चाबियां थीं। मामले की जांच में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के चालक रहे टिन्नू यादव के बयान में श्रद्धालुओं को दर्शन ▶▶|शेष पेज 8 पर

पुलिस ने किसके पास से क्या बरामद किया?

- अविनाश शुक्ल : 20 लाख 39 हजार 220 रुपए, 1121 यूएस डालर, 159.54 ग्राम चांदी, 8.11 ग्राम सोना और 3.44 ग्राम सोने की अंगूठी।
- अनुकल्प मिश्र : 16 लाख 82 हजार 40 रुपए।
- लवकुश मिश्र : 14 लाख 25 हजार रुपए।
- रमाशंकर मिश्र : सात लाख 32 हजार 170 रुपए और 24.72 ग्राम का चांदी का बिछुआ व चांदी के दो सिक्के।
- मनीष यादव : दो लाख रुपए।
- करुणेश पांडेय : 18 लाख सात हजार 63 रुपए।
- रामशंकर यादव टिन्नू : एक लाख रुपए।

तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे की जमानत याचिकाओं को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब आरोपी जमानत याचिका के लिए हाई कोर्ट जाएंगे। बता दें कि इस मामले में कोर्ट में 22 सितंबर को सुनवाई हुई थी। इस मामले में वकील कुल शेखर सिंह का बयान सामने आया है और उन्होंने ही इस मामले की जानकारी दी है।

कोर्ट खुलते ही चार्जशीट दाखिल

सुबह कोर्ट खुलते ही पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इसके बाद अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कोर्ट पहुंचा। बार अध्यक्ष की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान से पहले उन्हें सुनने की मांग की गई। इस पर अदालत ने बार अध्यक्ष को सुनने के लिए समय दिया है। अधिवक्ता यह जानना चाह रहे हैं कि चार्जशीट में पूर्व महासचिव चंपत राय, राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव समेत अन्य का नाम है या नहीं।

टाइमलाइन

4 जून : गणना कक्ष में नकदी छिपाने का मामला सामने आया। जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

7 जून : सपा नेता पवन पांडेय ने मंदिर के दानपात्र और चढ़ावे से करोड़ों रुपये की चोरी का आरोप लगाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर मामले को उठाया। उसी दिन महासचिव चंपत राय ने स्पष्टीकरण जारी किया।

8 जून : तत्कालीन महासचिव चंपत राय ने आरोपों को खारिज किया।

10 जून : प्रधानमंत्री कार्यालय ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। इसी दिन नृपेंद्र मिश्र ने अयोध्या पहुंचकर बैठक की।

11 जून : राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व लेखाकार महिपाल सिंह का वीडियो सामने आया। इसमें उन्होंने दावा किया कि उन्होंने 2021-22 में चढ़ावे की चोरी पकड़ी थी और उससे संबंधित सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए गए थे।

13 जून : श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की। टीम ने ट्रस्ट पदाधिकारियों, कर्मचारियों, बैंक अधिकारियों और गणना से जुड़े ▶▶|शेष पेज 8 पर

संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखी अपनी बात

यूएन में बोले ईरानी राष्ट्रपति- हमारे लोग 'अमेरिकी आतंकवाद के शिकार'

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया। पेजेश्कियान ने अपने संबोधन में कहा कि उनके देश के लोग अमेरिका के 'आतंकवाद के शिकार' बन रहे हैं।

ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ईरान को आतंकवादी बताना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि परमाणु ऊर्जा ईरान का हक है। पेजेश्कियान ने अमेरिका और इजरायल पर ईरान में आम नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। यूएनजीए में पेजेश्कियान का संबोधन शुरू होते ही यूएस डेलिगेशन ने असेंबली हॉल छोड़ दिया। पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और इजरायल पर तीखा हमला बोला।



एक दिन पहले ट्रंप ने दी थी धमकी

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के इसी मंच से कहा था कि यदि सात महीने से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ, तो वह इस्लामी गणराज्य ईरान को 'खत्म' कर सकते हैं।

ऐसा पहली बार

यह शायद पहली बार है, जब कोई विदेशी नेता अपने मुल्क के साथ युद्धरत देश के मंच से वैश्विक संस्था को संबोधित करेंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच न्यूयॉर्क पहुंचे पेजेश्कियान, जिन्हें ईरान की राजनीति में एक उदारवादी नेता माना जाता है, विश्व भर के नेताओं को संबोधित किया।

हमने अपने ऊपर हुए हमले का बचाव किया'

पेजेश्कियान ने कहा, कल ट्रंप ने हमें आतंकवादी बताया, जबकि हम आतंकवाद के शिकार रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के निर्दोष नागरिकों को हमलों का निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, अमेरिका और इजरायल ने अत्याधुनिक तकनीक के साथ हम पर हमला किया। उन्होंने हमें निशाना बनाया, लेकिन हमने घुटने नहीं टेके। हमने पूरी ताकत से अपना बचाव किया। ईरान अपनी आत्मरक्षा कर रहा है। ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इजरायल अलग-अलग शहरों और प्रांतों में इलाकों को निशाना बनाता है और हत्याएं करता है।

दिल्ली आ रहे विमान में खराबी, लंदन लौटा

नई दिल्ली। लंदन से दिल्ली आ रहा इंडिगो का ड्रीमलाइनर विमान तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर वापस लौट गया। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लंदन हीथ्रो से दिल्ली के लिए संचालित उड़ान संख्या 6ई4 का बोइंग 787-9 विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहने के बाद वापस लौट गया। सूत्र ने बताया कि विमान में कोई तकनीकी समस्या हुई थी और वह लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। इंडिगो की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई बयान नहीं आया है। तकनीकी समस्या की विस्तृत जानकारी और विमान में सवार यात्रियों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका है। भारतीय समयानुसार करीब 12 बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरी थी और लगभग दो बजे लंदन हीथ्रो लौट आया।

शराबबंदी का असर

बाहर से शराब पीकर गांव पहुंचे 16 पर तीन-तीन हजार का दंड

लखनपुर। जिले का एक ऐसा गांव जहां शराबबंदी को लेकर ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाया है। गांव में बाहर से शराब पीकर आने वाले शराबियों के खिलाफ ग्राम पंचायत की ओर से कार्रवाई करते हुए 45 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। मामला लखनपुर क्षेत्र के ग्राम केवरी का है। ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाते हुए बाहर से शराब पीकर गांव में आने वाले 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पंचायत ने सभी पर तीन-तीन हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया है। ग्राम ▶▶|शेष पेज 8 पर

इसलिए शराब पीने पर रोक

शराब के कारण होने वाले विवाद और सामाजिक समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने गांव में शराब पीने पर रोक लगाने का निर्णय लिया। शराबबंदी लागू होने के बाद पंचायत द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान दूसरे गांव से शराब पीकर गांव में पहुंचे 16 लोगों के खिलाफ पंचायत ने कार्रवाई करते हुए 14 शराबियों से तीन तीन हजार और दो अन्य लोगों से 15-15 सौ रुपये आर्थिक जुर्माना लगाकर 45 हजार वसूल किया।

ओडिशा में झमाझम, छग समेत 19 राज्यों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर/रायपुर

समुद्र में बने गहरे अवदाब के कारण दक्षिणी और तटीय ओडिशा में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके चलते अधिकारियों ने कम से कम 3,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा गहरे अवदाब के ओडिशा- ▶▶|शेष पेज 8 पर

इन राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

आईएमडी ने कहा, इसके प्रभाव से 23 और 24 सितंबर को तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ में और 24 व 25 सितंबर को तेलंगाना में भारी से बहुत भारी बारिश होने की बहुत अधिक संभावना है।

यहां ऐसा अनुमान

मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक डॉ. मनोरमा मोहंती ने कहा, आंध्र प्रदेश में तट पार करने के बाद यह मौसम तंत्र कम तीव्रता के साथ रायगढ़ा और कोरापुट जिले के बीच किसी स्थान से ओडिशा में प्रवेश करेगा।

पश्चिम एशिया तनाव

मालवाहक जहाज पर हमला भारतीय नागरिक की मौत

नई दिल्ली। भारत की ओर जा रहे मालवाहक जहाज एमवी केप डाओ पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसकी जानकारी दी। हमले में जहाज पर सवार अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर दूतावास ओमानी अधिकारियों के संपर्क में है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि वह घटना पर लगातार नजर रख रहा है। जहाज पर कुल 19 भारतीय नागरिक सवार थे। दूतावास ने कहा कि एक भारतीय नागरिक की मौत से वह बेहद दुखी है और मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

एशियन गेम्स में भारत ने अब तक जीते 12 पदक

28 साल का सूखा खत्म मीरा ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नागोया

दिग्गज भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर महाद्वीपीय लंबे समय से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म किया। कर्णम मल्लेश्वरी 1998 के 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में भारत को पदक मिला है।

निशानेबाजी में स्कीट टीमों के दो कांस्य पदकों के बावजूद भारत का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 2014 से एशियाई खेलों में पदक का इंतजार कर रहीं मीराबाई ने महिला 49 किग्रा वर्ग में कुल 198 किग्रा (88 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया।

मीरा बोलीं-जीवन अब पूरा हो गया

बत्तीस वर्षीय मीराबाई जब भी प्रतिस्पर्धा करती हैं, तो सुर्खियों में रहती हैं। तोक्यो ओलंपिक 2021 की रजत पदक विजेता मीराबाई ने सहज मुस्कान के साथ भारी वजन उठाया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन अब पूरा हो गया है।

चीन टॉप पर, भारत 13वें स्थान पर

भारत एक गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज के साथ मेडल टैली के 13वें स्थान पर है। वहीं, चीन 47 गोल्ड मेडल के साथ पहले नंबर पर है।

चिंतन

दोहरा रवैया अपनाना बंद करे अमेरिका

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका हमेशा से ही प्रभावशाली रही है, लेकिन मौजूदा समय में उसकी ईरान नीति कई सवाल खड़े कर रही है। एक तरफ अमेरिका ईरान के साथ बातचीत की मेज पर बैठ रहा है, मध्यस्थता के जरिए संवाद हो रहा है और समझौते की संभावनाएं तलाशने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। आखिर अमेरिका चाहता क्या है, बातचीत या टकराव? दुनिया के सामने यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऐसा दोहरा रवैया किसी भी कूटनीतिक प्रयास की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच करीब तीन घंटे बातचीत होना इस बात का संकेत है कि संवाद का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। यदि बातचीत संभव है तो उसे गंभीरता से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। धमकी और बातचीत एक साथ चलेंगी तो अविश्वास बढ़ेगा। अमेरिका के पास दुनिया की बड़ी सैन्य और आर्थिक ताकत है, लेकिन किसी देश को सैन्य कार्रवाई से तबाह करने की चेतावनी देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। ईरान का रवैया भी कम कठोर नहीं है। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने, विदेशों में जमा अपनी संपत्तियां जारी करने और क्षेत्रीय मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने जैसी शर्तें रखी हैं। इन मांगों पर दोनों देशों के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इनका समाधान बातचीत से ही निकल सकता है। होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण जलमार्ग को बंद रखना केवल अमेरिका या ईरान का मामला नहीं है। इसका सीधा असर पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज से तेल और गैस की बड़ी मात्रा का परिवहन होता है। यहां तनाव बढ़ने का मतलब है ऊर्जा की कीमतों पर दबाव, परिवहन लागत में वृद्धि और महंगाई का बढ़ना। अंततः इसका भुगतान आम आदमी अपनी जेब से करता है। अमेरिका की विदेश नीति में दोहरे मापदंड का सवाल रूस के संदर्भ में भी उठता है। अमेरिका रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध और 100% तक टैरिफ लगाने की धमकी देता है, जबकि खुद रूस से यूरेनियम जैसे सामरिक उत्पाद खरीदता है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों, आर्थिक हितों और रणनीतिक संबंधों के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। ऐसे में किसी भी बड़ी शक्ति द्वारा एकतरफा दबाव वैश्विक व्यापार के लिए नई मुश्किलें पैदा कर सकता है। दुनिया पहले ही युद्धों, आपूर्ति संकट और महंगाई की चुनौतियों से जूझ रही है। अमेरिका को यह समझना होगा कि ताकत का इस्तेमाल और प्रदर्शन दो अलग चीजें हैं। जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्व का अर्थ यह नहीं कि हर विवाद में सैन्य विकल्प को सामने रखा जाए। असली नेतृत्व तो तब दिखाई देता है, जब ताकतवर देश अपने प्रभाव का इस्तेमाल युद्ध रोकने और बातचीत को सफल बनाने में करे। साथ ही ईरान को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। होर्मुज को लंबे समय तक दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। ईरान को भी बातचीत के जरिए व्यावहारिक समाधान की दिशा में बढ़ना होगा। आज दुनिया को एक स्थिर ऊर्जा बाजार, सुरक्षित व्यापार मार्ग और शांतिपूर्ण समाधान चाहिए। अमेरिका को दोहरा रवैया छोड़कर स्पष्ट नीति अपनानी होगी और ईरान को भी कठोर शर्तों से आगे बढ़कर व्यावहारिक रास्ता तलाशना होगा। धमकी से दुनिया डर सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं बन सकती।

मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

भारतीय पेशेवरों का बदलता रुख

> पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण-एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है। आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा-हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

एक समय था जब भारतीय माता-पिता अपने मेधावी बच्चे को आशीर्वाद देते थे - बेटा, अमेरिका जा।' अमेरिका जाना सफलता का अंतिम प्रमाण-पत्र था। आईआईटी के बाद स्टैनफोर्ड, पीएचडी के बाद सिलिकॉन वैली और फिर ग्रीन कार्ड। इसे ही 'अमेरिकन ड्रीम' कहा जाता था। अब वह ड्रीम डगमगा रहा है और भारतीय पेशेवर जाग रहा है। पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण-एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है।

आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा-हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। यह सामान्य गिरावट नहीं है। ऐतिहासिक पलायन है। कभी हार्वर्ड और एमआईटी में दाखिला भारतीय मध्यम वर्ग का सपना था। आज वही वर्ग पूछ रहा है - क्या चार साल बाद वीजा मिलेगा भी या नहीं? दूसरा झटका,एच-1बी की एक लाख डॉलर वाली दीवार खड़ी की गई। अमेरिका ने पिछले वर्ष सितंबर में एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर यानी लगभग 84 लाख रुपये कर दी। यह फीस नहीं, एक तरह की सजा है। इसका असर तत्काल दिखा - महज एक वर्ष में एच-1बी आवेदनों में 10 प्रतिशत की गिरावट। छोटी और मझोली अमेरिकी कंपनियों ने तो भारतीय पेशेवरों को बुलाना ही बंद कर दिया है। अब सिर्फ गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गज ही यह फीस भर सकते हैं। तीसरा और सबसे बड़ा झटका, वैज्ञानिकों का पलायन आरंभ हो चुका है। अमेरिका की असली ताकत उसके लैब थे। पर अब लैब खाली हो रहे हैं। भौतिकी में पीएचडी करने वाले विदेशी स्कॉलर्स के अमेरिका छोड़ने की दर 2023-24 में 16 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गई।

यह तीन दशक में अमेरिका छोड़ने की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है अर्थात, अमेरिका अब सिर्फ कोडर नहीं, अपने भविष्य के नोबेल विजेताओं को भी खो रहा है। ग्रीन कार्ड के लिए 20 साल का इंतजार, हर चुनाव में आप्रवासियों को विलेन बनाना और कैंपस में बढ़ती असुरक्षा ने इस मोहभंग को पूरा कर दिया है। अब अमेरिका को नुकसान, यूरोप-एशिया को लाभ प्राप्त हो रहा है। जहां अमेरिका ने दरवाजा बंद किया है, वहीं यूरोप और एशिया ने बाहें खोली हैं। जर्मनी ने अपना 'चांस कार्ड' और 'ऑपर्चुनिटी कार्ड' उदार कर दिया है। वह भारतीय इंजीनियरों को बिना जॉब ऑफर के ही 1 साल का वीजा दे रहा है। नीदरलैंड और स्वीडन 30 प्रतिशत टैक्स छूट दे रहे हैं। यूएई और सऊदी अरब 10 साल का गोल्डन वीजा दे रहे हैं, सिंगापुर ने 'टेक-पास' में भारतीयों का कोटा दोगुना कर दिया है। भारतीय पेशेवर अब समझ गया है कि जीवन स्तर सिर्फ डॉलर से नहीं नापा जाता। यूरोप में काम के बाद जीवन है, एशिया में घर के करीब होने का सुकून है। वहां 5 बजे के बाद ऑफिस बंद होता है और नस्लीय टिप्पणी का डर नहीं सताता। इन सबके पीछे सबसे बड़ी कहानी है-वापसी-कम्प्रोमाइज नहीं,

चॉइस है। लेकिन इस पूरी कहानी का सबसे उज्ज्वल अध्याय है - भारत वापसी। पहले अमेरिका से लौटना विफलता माना जाता था। रिश्तेदार पूछते थे- 'नौकरी चली गई क्या?' आज लौटना सबसे बड़ी सफलता है। नैसकॉम के अनुसार रिवर्स ब्रेन ड्रेन में पिछले 18 महीनों में 35-40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर अब हर सप्ताह ऐसे परिवार उतरते हैं जिन्होंने सैन फ्रांसिस्को वाला घर बेचकर हैदराबाद में घर ले लिया है। यह वापसी भारत के भविष्य के लिए पांच बड़े वरदान लेकर आई है। पहला, स्वदेशी, स्वरोजगार और स्टार्टअप को नई ऊर्जा। जो युवा अमेजन में प्रोडक्ट मैनेजर था, वह अब इंदौर में एग्री-टेक स्टार्टअप बना रहा है। जो बोस्टन में कैंसर पर रिसर्च कर रहा था, वह अब पुणे में सस्ती दवा बना रहा है। उनके पास ग्लोबल एक्सपोजर है और भारतीय समस्या की समझ। यही आत्मनिर्भर भारत का असली मॉडल है - वैश्विक ज्ञान, भारतीय समाधान। इससे स्वरोजगार बढ़ेगा, नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। दूसरा, मातृभूमि से प्रेम की प्रगाढ़ता। यह आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक वापसी है। कोविड ने सिखाया कि अंत में ऑक्सीजन सिलेंडर अमेरिका से नहीं, पड़ोस से आता है। अब युवा पूछ रहा है कि जब बेंगलुरु में ही 2 करोड़ का पैकेज और विश्वस्तरीय जीवन है, तो मैं मां से 14 हजार किलोमीटर दूर क्यों रहूं? यह मातृभूमि के प्रति प्रेम की पुनर्प्रतिष्ठा है। तीसरा, परिवारों के लिए संजीवनी। इसका सबसे मानवीय लाभ हमारे घरों में दिख रहा है।

देश में बैठे माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, भाई-बहन के लिए यह किसी आर्थिक पैकेज से बड़ा है। जब बेटा-बहू अमेरिका में होते थे, तो दादा-दादी वीडियो कॉल पर पोते को देखते थे। अब वही दादा-दादी पोते को कहानी सुना रहे हैं। बुजुर्गों का अकेलापन घट रहा है। परिवार में त्योहार फिर से त्योहार लग रहे हैं। यह वह सुख है, जो डॉलर से नहीं खरीदा जा सकता। चौथा, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'कुटुंब प्रबोधन' का जो विचार दिया था कि परिवार ही समाज की प्रथम पाठशाला है, यह वापसी उसी को सशक्त कर रही है। जब परिवार साथ रहता है, तो बच्चे अपनी भाषा, अपने त्योहार, अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। यह स्वदेशी जीवन-शैली का पुनर्जागरण है। इससे समाज में वह समरसता आएगी जो वृद्धाश्रमों से नहीं, साथ रहने से आती है। पांचवां, भारत के लिए ग्लोबल अनुभव का मुफ्त उपहार। अमेरिका ने 30 साल तक भारतीयों को ट्रेनिंग दी।अब वह ट्रेंड मैनपावर भारत को मुफ्त में मिल रही है। यह ब्रेन ड्रेन का रिवर्स होना नहीं, ब्रेन गेन का महाविस्फोट है। हम कह सकते हैं कि अमेरिका के लिए चेतावनी, भारत के लिए अवसर है। अमेरिका ने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। 1930 में जब उसने यहूदी वैज्ञानिकों को रोका, तो लाभ अमेरिका को नहीं, जर्मनी को हुआ। आज वही गलती भारतीयों के साथ हो रही है। अमेरिका को समझना होगा कि एक लाख डॉलर की फीस से आप एक भारतीय को रोक सकते हैं, उसके आइडिया को नहीं। वह आइडिया अब बेंगलुरु में स्टार्टअप बनेगा, बर्लिन में बिकेगा और दुनिया पर राज करेगा। भारत के लिए यह अमृतकाल का सबसे बड़ा अवसर है। हमें लौटते हुए भारतीयों के लिए रेड कार्पेट ही नहीं, रेड टेप खत्म करना होगा। उनके बच्चों के लिए स्कूलों में दाखिला, बिजनेस के लिए सिंगल विंडो और रिसर्च के लिए फंडिंग आसान करनी होगी। आज कहने का समय है - 'आओ, देश आकर देश को रोशन करो।' जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सचेत
विवेक मिश्रा

जी-2 के ग्रह चक्रों में फंसने से बचे भारत

भारत की आतिथ्य पूर्ण अगुवाई में ब्रिक्स देशों का 18वां शिखर सम्मेलन, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रत्यास्थता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता जैसे उद्देश्यों के प्रति संकल्पित, यह विश्व के दक्षिणी हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्र अध्यक्षों का समागम बना था । जहां सर्वसम्मति से 140 बिंदुओं पर आधारित 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को आत्मसात किए जाने की उद्घोषणा हुई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सहयोग व सुरक्षा, एकतरफा टैरिफ और प्रतिबंधों का विरोध, सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार जैसे विषय प्रमुखता के साथ रेखांकित हुए थे। ब्रिक्स के साझा हितों पर धुर विरोधी राष्ट्र भी भारतीय नेतृत्व में एकमत दिखे। विषमताओं में विश्व विस्मित करती, यह विलक्षण भारतीय विदेश नीति विश्वव्यापी विश्वास की आधारशिला बन सकती है। यह सत्य है कि यथार्थ के धरातल पर अभी इस सहमति का परिणीति तक पहुंचना बाकी है। मौजूदा चुनौतियों में तात्कालिक आवश्यकताओं को दर्शाता और उनसे निपटने के समाधानों को सुझाता यह घोषणा पत्र , सभी सदस्य देशों की साझा जरूरतों को पूरा करता है। अतः इसके लागू होने में बाधाएं कम ही प्रतीत होती हैं, बशर्ते द्वेष पूर्ण मानवीकृत बाधाओं को न जन्माया जाए। हम कुछ उदाहरणों से इसे समझ सकते हैं, जैसे ब्रिक्स देशों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पारदर्शी, समावेशी व जवाबदेही पूर्ण साझा इस्तेमाल का लक्ष्य रखते ही ए.आई. से पैदा होने वाले खतरो के विषय में चर्चाएं तेज हो गई। ए.आई. सुरक्षा और अनुसंधान कंपनी एंथ्रोपिक के भूतपूर्व पदाधिकारी जेकब कॉक्सोन चिंताएं व्यक्त करते हुए कहतें है कि यह तकनीक 2030 तक इंसानों को पूरी तरह खत्म कर देगी। तकरीबन यही बात एआई के गॉड फादर माने जाने वाले जॉफ्री हिंटन भी कहते हैं कि आने वाले एक दशक में एआई के कारण इंसानियत के खत्म होने का 10 से 20 फीसदी तक जोखिम है। यहां गौर करने वाली बात है कि जॉफ्री हिंटन कुछ दिन पहले तक इसी जोखिम के लिए दुनिया को अगले 30 साल का समय दे रहे थे। बिल गेट्स, बर्नी सैंडर जैसे नामचीन लोगों को एक साथ चिंताएं नजर आई।

यू.एन. के प्रमुख एंटोनिया गुटेरस ने तो इसे मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बताया। चीन ने ब्रिक्स में मुखरता से ओपन सोर्स ए.आई. की बात रखी थी। ब्रिक्स के विकासशील देशों का तकनीकी सशक्तिकरण चीन के वैश्विक प्रभुत्व को स्थापित करेगा, तब जबकि अमेरिका और यूरोप अपनी ए.आई. विकास यात्रा को संकीर्णता में बांध रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, मुक्त तकनीक विस्तार नहीं चाहते हैं, जबकि चीन आश्चर्यजनक रूप से खुले दिल को दर्शा रहा है। वहीं बड़ी ए.आई. कंपनियां भी शोध में चीन के विस्तृत कार्यक्षेत्र से प्रतिस्पर्धा नहीं चाहती हैं। ए.आई तकनीक पर अचानक खड़ा किया गया यह शोर दरअसल ब्रिक्स से निकले संयुक्त तकनीकी संकल्पों को बाधित करने का प्रयास मात्र है। ब्रिक्स देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की खबरें, अमेरिकी औपनिवेश की डॉलर डिक्टेटरशिप (मौद्रिक तानाशाही) को इस प्रकार चुभी कि, अमेरिकी संसद ने पक्ष-विपक्ष का भेद दूर करके, रूस से तेल खरीदने वाले शीर्ष 5 देशों पर 100% टैरिफ बिल पास कर दिया। चीन, टैरिफ वाली ट्रंप नीति के पर पहले ही कतर चुका है, दुर्लभ खनिज अमेरिकी कंपनियों को सुलभता से मिलते रहें, अमेरिकी सरकार यह सबसे पहले सुनिश्चित करेगी। प्रसंस्कृत स्थायी चुम्बकों व यिट्रियम पर चीन का एकाधिकार और इन पर अमेरिकी निर्भरता, चीन पर लगने वाले सभी टैरिफों को स्वतः ही अप्रभावी बना देती है।

टैरिफ का भी सबसे बुरा प्रभाव भारत पर पड़ता है। दूसरी ओर मक्का पैक्ट के साझेदार सऊदी अरब और पाकिस्तान अपने-अपने तरह से भारत के सामने संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान चेतावनियों के बावजूद समुद्री आवागमन के रास्ते पर भारतीय युद्धपोतों से टकराव पैदा कर रहा है, तो सऊदी अरब भारत को तेल आपूर्ति करने में निजी हित तौल रहा है। सऊदी अरब भारत को स्पॉट मार्केट से तेल खरीदने को कहता है, अर्थात ऊंची बोली लगाकर स्वयं की जिम्मेदारी पर, अपने संसाधनों से तेल को भारत लाना। जो परंपरागत एनुअल कॉन्टैक्ट से एकदम उलट है। भारत के लिए सबसे बेहतर व सशक्त विकल्प यही है कि वह आने वाले कुछ वर्षों तक संघर्ष को टाल, उपस्थित परिस्थितियों व संसाधनों में यथासंभव अपनी प्रगति प्रशस्त करता चले। सजगता इतनी रहे कि ब्रिक्स की धुरी पर घूर्णन करते हम अपने इर्द-गिर्द चक्कर लगाते ग्रहों के चक्रों में न फंस जाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

अंतर्मन

आज की पाती

भारत की बेमिसाल धरोहर है आयुर्वेद

हमारे देश में 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है स्वास्थ्यवर्धक भविष्य के लिए आयुर्वेद। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। और इसके महत्व दुनिया को बताना भी है। केंद्र सरकार ने आयुर्वेद को दुनिया भर में एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। जब दुनिया भर में वैश्विक महामारी ने कहर मचाया हुआ था, तब भी और अब भी हमारे देश के लोग ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों ने हमारे देश की इस धरोहर को अपना कर अपनी रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया और अब भी कर रहे हैं। आयुर्वेदिक पद्धति को दुनिया में एक नया आयाम मिला है। *-हरिश बघेल, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

प्यूर्तो रिको के दो अखबार बंद करेंगे प्रिंट संस्करण

प्यूर्तो रिको के दो प्रमुख अखबारों ने आने वाले दिनों में अपने प्रिंट संस्करण बंद करके केवल डिजिटल रूप में उपलब्ध रहने की घोषणा की है। यह कदम दुनियाभर में प्रिंट मीडिया से डिजिटल माध्यम की ओर बढ़ते रुझान का हिस्सा है। प्यूर्तो रिको की कंपनी जीएफआर मीडिया ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं की बदलती आदतों को देखते हुए लिया गया है। यह कंपनी 'एल नुएवो डिया' और 'प्रिमेरा होरा' अखबार प्रकाशित करती है। अखबारों के अनुसार, 'प्रिमेरा होरा' का अंतिम प्रिंट संस्करण 24 सितंबर को और 'एल नुएवो डिया' का अंतिम प्रिंट संस्करण 27 सितंबर को प्रकाशित होगा। जीएफआर मीडिया की प्रकाशक मारिया लुइसा फेरे रेंगल ने एक बयान में कहा, 'हम 21वीं सदी के प्यूर्तो रिको के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जहां आज नौ करोड़ से अधिक प्यूर्तो रिकन लोग द्वीप, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों में रहते हैं। हम हमेशा प्यूर्तो रिको के साथ रहे हैं और आगे भी जहां-जहां प्यूर्तो रिको होगा, वहां मौजूद रहेंगे।' यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि इस फैसले से कितने लोगों की नौकरी जाएगी। जीएफआर मीडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल कंपनी की ओर से आधिकारिक बयान के अलावा कोई अन्य टिप्पणी नहीं की जाएगी।

ऑफ बीट

बोलीविया के जंगल में मिली नई प्रजाति की नन्ही बिल्ली

बोलीविया के जंगलों में रहने वाली एक नन्ही जंगली बिल्ली इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस बिल्ली को 'टिग्रिनो' नाम दिया गया है। शरीर पर तेंदुए जैसे बड़े धब्बों वाली यह छोटी जंगली बिल्ली बहुत जल्द तनाव में आ जाती है। टिग्रिनो 'लेपर्डस टिलकायो' प्रजाति की जंगली बिल्ली है। वैज्ञानिकों ने एक सदी से भी अधिक समय बाद जंगली बिल्लियों की किसी नयी जीवित प्रजाति की पहचान की है। टिग्रिनो की सिर से पूंछ तक लंबाई महज 18 इंच (46 सेंटीमीटर) और वजन करीब तीन पाउंड (1.4 किलोग्राम) है। आकार में वह एक सामान्य बिल्ली से भी छोटी है। शोध पत्रिका ''करंट बायोलॉजी' में इस खोज से संबंधित अध्ययन को प्रकाशित होने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी चर्चा हुई। टिग्रिनो को देखने की उत्सुकता में बोलीविया के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ दूसरे देशों से भी लोग 'सेंडा वर्दे वन्यजीव अभयारण्य' पहुंच रहे हैं। टिग्रिनो 2017 से इसी अभयारण्य में है। उस साल एक परिवार उसे वहां लेकर आया था। परिवार ने उसे घरेलू बिल्ली की तरह पालने की कोशिश की, लेकिन उसे यह रास नहीं आया। अभयारण्य के सह-संस्थापक मार्सेलो लेवी ने कहा, 'कुछ ही दिनों में टिग्रिनो संरक्षण की दूत बन गई है।'

ट्रेंड

आयुर्वेद की भूमिका

मोदी सरकार आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़कर इस गौरवशाली विरासत को विश्व में एक नई पहचान दिला रही है। आइए, हम स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुर्वेद की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लें।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

समाज पर असर

राष्ट्रपति की अपील बहुत महत्वपूर्ण है। लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को देखते और सुनते हैं, और उनसे प्रभावित भी होते हैं। इसलिए, कलाकारों का हर संदेश समाज पर असर डालता है। असली स्टार वही है जो सेहत और अच्छे मूल्यों का प्रकाश फैलाता है।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

गहरी संवेदनाएं

पलामू में करम डाली विसर्जन के दौरान नदी में कुछ लोगों के डूबने की खबर बेहद दुखद और मर्माहत करने वाली है। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं मारंग बुरु से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।
- **हेमंत सोरेन,** सीएम, झारखंड

सार्थक जीवन

ज़रूरी यह नहीं है कि आप कितने लंबे समय तक जीते हैं, बल्कि यह है कि क्या आप एक सार्थक जीवन जीते हैं। इसका मतलब पैसा और शोहरत जमा करना नहीं, बल्कि अपने साथी इंसानों की सेवा करना है। - **दलाई लामा,** आध्यात्मिक गुरू

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

MARUTI SUZUKI
NEXA
THE STUNNING NEW
BALENO
DARE TO GO GLAM
BALENO
FRONT VENTILATED SEATS
*ADAS LEVEL 2
6 AIRBAGS
TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT
TO A SHOWROOM NEAR YOU.
Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

अगर करते हैं सिटिंग जॉब करें ये आसन-वर्कआउट

सिटिंग जॉब करने वाले अधिकतर लोग पीठ में अकड़न, गर्दन-कंधे के दर्द से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए आप यहां बताए जा रहे कुछ वर्कआउट्स और आसन को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। इससे आपको इन सभी दर्दों से बहुत राहत मिलेगी।

फिटनेस

काम्या मल्होत्रा
योग एक्सपर्ट

आज के दौर में अधिकांश सेक्टर्स के ऑफिसियल प्रोफेशनल्स, डेस्क जॉब करते हैं। दिन में 8 से 10 घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न, कंधों का भारीपन, आंखों पर तनाव, बढ़ता वजन और मानसिक थकावट जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा लगातार बैठने के कारण शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी कम होने लगती है। ऐसे में सिर्फ कुछ मिनट योगासन करके शरीर को फिर से एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस कराया जा सकता है।

गहरी श्वास और ध्यान: इसे करने के लिए आंखें बंद करें और आरामदायक पोजीशन से बैठ जाएं, फिर नाक से गहरी सांस लें। 3-4 सेकेंड तक रोकें और धीरे-धीरे छोड़ें। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। गहरी श्वास लेना तनाव कम करने में सहायक होता है और मानसिक शांति बनाए रखता है।

नेक स्ट्रेचिंग: इस वर्कआउट को करने के लिए सबसे पहले आराम से सीधे बैठ जाएं या खड़े हो जाएं। फिर धीरे-धीरे गर्दन को दाईं ओर झुकाएं और 10-15 सेकेंड तक रोकें। फिर बाईं ओर यही प्रक्रिया दोहराएं। इसके बाद गर्दन को आगे और पीछे हल्के से झुकाएं। इस अभ्यास से गर्दन की मांसपेशियों का तनाव कम होता है। लंबे समय तक स्क्रीन पर नजरें गड़ाने से होने वाली जकड़न में राहत मिलती है।

सीटेड स्पाइनल ट्विस्ट: इस वर्कआउट को करने के लिए कुर्सी पर बैठकर शरीर के ऊपरी हिस्से को धीरे-धीरे दाईं ओर घुमाएं और कुर्सी के पीछे का सहारा लें। 15-20 सेकेंड तक रुकें, फिर दूसरी ओर दोहराएं। यह अभ्यास रीढ़ की गतिशीलता बढ़ाने में मदद करता है और कमर व पीठ के तनाव को कम करता है।

शोल्डर रोल-आर्म स्ट्रेच: इस वर्कआउट को करने के लिए दोनों कंधों को धीरे-धीरे आगे और पीछे गोल घुमाएं। इसके बाद दोनों हाथों को ऊपर उठाकर अच्छी तरह स्ट्रेच करें और गहरी सांस लें। फिर हाथों को आराम से नीचे लाएं। यह अभ्यास कंधों के तनाव को कम करता है और ऊपरी शरीर में रक्त संचार बेहतर बनाने में मदद करता है। इसका अभ्यास 1 मिनट करें।

मार्जरी आसन: इसे सीटेड कैट या काउ स्ट्रेच भी कहते हैं। इस आसन को करने के लिए कुर्सी पर सीधे बैठें। सांस लेते हुए छाती को आगे निकालें और पीठ को हल्का मोड़ें। सांस छोड़ते हुए पीठ को गोल करें और ठुड्डी को नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। यह स्ट्रेच रीढ़ की लचक को बनाए रखने में सहायक होता है। साथ ही यह आसन लंबे समय तक बैठने से होने वाली जकड़न कम करने में मदद करता है।

भुजंगासन: इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं और हाथों के सहारे ऊपरी शरीर को ऊपर उठाएं। अपनी सुविधानुसार कुछ सेकेंड रहें। इस आसन को करने से झुककर बैठने के कारण जो पोस्चर खराब होता है, यह आसन ठीक करता है। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

इन पर भी करें अमल

- हर आधे या एक घंटे में अपनी सीट से 2 मिनट के लिए उठें और थोड़ा टहलें।
- पर्याप्त पानी पिएं। पानी भरपूर न पीने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव हो सकता है।
- डेस्क जॉब करते समय कंप्यूटर स्क्रीन के लेवल को हमेशा अपनी आंखों के लेवल पर रखें, जिससे गर्दन पर अतिरिक्त स्ट्रेस न पड़े।
- पैरों को जमीन पर सीधा टिकाकर बैठें।
- यदि आपको पहले से गंभीर कमर, गर्दन या रीढ़ की समस्या है, तो किसी भी नए व्यायाम को शुरू करने से पहले डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट डे, 29 सितंबर

अनियमित-निष्क्रिय जीवनशैली, अनहेल्दी खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही की वजह से हर उम्र के लोगों में हार्ट प्रॉब्लम्स बढ़ रही हैं। अगर समय रहते अपनी लाइफस्टाइल सुधार ली जाए तो इनसे बचाव संभव है। साथ ही हार्ट प्रॉब्लम्स के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना भी जरूरी है। ताकि समस्या को गंभीर होने से रोका जा सके। हार्ट को हेल्दी रखने के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स यहां डिटेल में बता रहे हैं।

बढ़ रहा हार्ट प्रॉब्लम का रिस्क गुड हैबिट्स से आप रहेंगे हेल्दी



डॉक्टर्स एडवाइस

हार्ट हम सभी के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी हेल्थ को इग्नोर करने से असमय डेथ का भी रिस्क होता है। एक समय तक यह समस्या केवल बुजुर्गों में होती थी लेकिन बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव, खराब नींद, शारीरिक गतिविधि की कमी, असंतुलित खान-पान और धूम्रपान की आदतों जैसे कारण, कम उम्र में भी हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा हैं। ऐसे में जरूरी है कि हार्ट हेल्थ को लेकर हम कॉन्शस रहें। सीने में दर्द, सांस फूलने, चक्कर आने, कमजोरी जैसे लक्षणों को गैस या थकान समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

इसलिए बढ़ती हैं हार्ट प्रॉब्लम्स

हर उम्र के लोगों में बढ़ती हार्ट प्रॉब्लम के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. अमर सिंघल** कहते हैं, 'दिल की बीमारी अब सिर्फ उम्रदराज लोगों की समस्या नहीं रह गई है। बदलती जीवनशैली, लगातार तनाव, कम शारीरिक गतिविधि, अनियमित खान-पान, धूम्रपान और पर्याप्त नींद न लेना कम उम्र में भी दिल की सेहत को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए रोजमर्रा की आदतों में छोटे लेकिन जरूरी बदलाव करना बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक बैठे रहना, बाहर का ज्यादा तला-भुना और नमक वाला खाना, ज्यादा चीनी का सेवन और शारीरिक गतिविधि की कमी शरीर में मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ा सकती है। ये सभी स्थितियां आगे चलकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने वाले प्रमुख कारणों में शामिल हैं। दिल की सेहत अच्छी रखने के लिए रोज कम से कम 30 मिनट की नियमित शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। खाने में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और संतुलित मात्रा में प्रोटीन को शामिल करें। नमक, ट्रांस फैट और ज्यादा प्रोसेस्ड फूड से बचना

चाहिए। सिर्फ बीमारी होने पर ही स्वास्थ्य जांच कराने की जरूरत नहीं है। समय-समय पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराना भी जरूरी है। अगर परिवार में किसी को कम उम्र में हृदय रोग रहा है तो विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इसके साथ ही रोजाना पर्याप्त नींद लेना और तनाव को नियंत्रित रखना भी दिल की सेहत के लिए जरूरी है। लगातार तनाव और नींद की कमी ब्लड प्रेशर समेत कई दूसरी समस्याओं को बढ़ा सकती है। काम के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लेना, कुछ देर पैदल चलना, सीढ़ियों का इस्तेमाल करना और स्क्रीन टाइम कम करना भी फायदेमंद हो सकता है। धूम्रपान और तंबाकू से पूरी तरह दूरी बनाना बेहद जरूरी है। शराब का सेवन करने वालों को भी इसके नुकसान और व्यक्तिगत स्वास्थ्य जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए। स्वस्थ दिल के लिए सबसे जरूरी है कि हम बीमारी का इंतजार करने के बजाय पहले से ही बचाव पर ध्यान दें और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करें, जिन्हें लंबे समय तक आसानी से अपनाया जा सके।'

इन लक्षणों पर रखें नजर

सीने में दर्द, दबाव या भारीपन, सांस फूलना, अचानक बहुत ज्यादा पसीना आना, चक्कर या असामान्य कमजोरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासकर अगर ये लक्षण अचानक आएं या लगातार बने रहें तो तुरंत चिकित्सकीय मदद लेनी चाहिए। दिल के मामले में समय पर पहचान और इलाज बहुत महत्वपूर्ण होता है। कम उम्र में हार्ट प्रॉब्लम्स के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी, **डॉ. अंकेश अग्रवाल** डिटेल में बताते हैं, 'कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले सामने आने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। युवाओं में धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, शारीरिक गतिविधि की कमी और लगातार तनाव जैसे जोखिम कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उम्र कम होने को दिल की बीमारी से सुरक्षा की गारंटी नहीं माना जा सकता। अनियमित दिनचर्या, देर रात तक जागना, फास्ट फूड का अधिक सेवन और लंबे समय तक बैठे रहना भी दिल की सेहत पर असर डाल सकता है। कई लोग सीने में दर्द या सांस फूलने जैसी समस्या को गैस, थकान या तनाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह लापरवाही गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सीने में दबाव या दर्द के साथ सांस लेने में परेशानी, पसीना आना, मितली, चक्कर, बाएं हाथ, कंधे, पीठ या जबड़े तक दर्द होना, चेतावनी का संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षण अचानक दिखाई दें तो घर पर इंतजार करने या खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। खासतौर पर दर्द कुछ मिनट से ज्यादा समय तक रहे या आराम करने के बाद भी कम न हो तो इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। हृदय रोग से बचाव की शुरुआत रोजमर्रा की आदतों से होती है। धूम्रपान और तंबाकू से दूरी, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, वजन नियंत्रित रखना और ब्लड प्रेशर, शुगर व कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच जरूरी है। जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल है, उन्हें इसे सामान्य समस्या समझकर छोड़ना नहीं चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित जांच और इलाज जरूरी है। पर्याप्त नींद लेना, तनाव को नियंत्रित करना और लगातार बैठे रहने से बचना भी हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

नींद-तनाव का हार्ट हेल्थ से संबंध

नींद और तनाव का भी हार्ट हेल्थ से गहरा संबंध होता है। इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी, **डॉ. अभिनव श्रीवास्तव** बताते हैं, 'हार्ट हेल्थ को सिर्फ खान-पान और एक्सरसाइज तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। मानसिक तनाव, खराब नींद और लगातार भाग-दौड़ वाली जीवनशैली भी हृदय स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। आज की व्यस्त दिनचर्या में लोग वर्क प्रेशर, परिवार और दूसरी जिम्मेदारियों के बीच अपने शरीर और दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं दे पाते, जिसका असर धीरे-धीरे स्वास्थ्य पर दिखाई दे सकता है। लगातार तनाव की स्थिति में शरीर में ऐसे हार्मोन और बदलाव होते हैं, जो ब्लड प्रेशर और हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेना भी शरीर के लिए ठीक नहीं है। इसलिए दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेना जरूरी है। तनाव कम करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कुछ समय खुद के लिए निकालना चाहिए। वॉकिंग, योग, मेडिटेशन, पसंद की गतिविधियां और परिवार के साथ समय बिताना तनाव कम करने में मदद कर सकता है। काम के दौरान लगातार कई घंटे बैठे रहने के बजाय बीच-बीच में उठकर चलना भी फायदेमंद है।

डाइट

विधि गोयल

खाली पेट नारियल पानी पीने के फायदे

नारियल पानी पीना सिर्फ गर्मियों में ही नहीं, हर मौसम में सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता। यह न सिर्फ प्यास बुझाता है, बल्कि शरीर को तुरंत हाइड्रेशन देने के साथ जरूरी मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स देकर अंदर से पोषण भी देता है। यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम, फॉस्फोरस और नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फैट और कैलोरी कम होती है, इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।

इंस्टेंट हाइड्रेशन: सुबह जगने के बाद नारियल पानी पीने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी तुरंत पूरी होती है, जिससे दिनभर तरोताजा महसूस होता है। सुबह खाली पेट नारियल पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

इम्युनिटी बूस्टर: इसमें विटामिन-सी, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। यह शरीर को इंफेक्शन और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है।

डाइजेशन में सुधार: नारियल पानी में लॉरिक एसिड और फाइबर पाया जाता है। लॉरिक एसिड इम्युनिटी बढ़ाता है और पेट के इंफेक्शन से बचाता है। यह डाइजेशन सिस्टम को मजबूत बनाता है और सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से एसिडिटी, गैस, कब्ज और पेट में जलन दूर होती है।

डायबिटीज कंट्रोल में मददगार: नारियल पानी में शुगर की मात्रा कम होती है और यह ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

वजन घटाने में सहायक: जो वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए नारियल पानी सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और फैट बिल्कुल नहीं होता। इसे पीने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे ओवर ईटिंग नहीं होती है।

स्किन-बालों में निखार: शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलने से स्किन साफ और ग्लोइंग बनती है। नारियल पानी पीने से मुंहासों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर नेचुरल निखार आता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने से रोकता है। इसे पीने से हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। *

अल्टरनेटिव ट्रीटमेंट

शिखर चंद जैन

कई ऐसे शारीरिक और मानसिक रोग होते हैं, जिनके उपचार में ट्रेडिशनल थेरेपीज के समान ही कुछ डिफरेंट थेरेपीज भी कारगर हो सकती हैं। ये थेरेपीज क्या हैं, कैसे काम करती हैं, इनके बारे में डिटेल में जानिए।

बहुत डिफरेंट ही नहीं इफेक्टिव भी हैं ये थेरेपीज

जीवन की भागदौड़ और मानसिक तनाव के बीच, जब भी किसी रोग के इलाज की बात आती है, तो हमारा ध्यान अधिकतर एलोपैथी दवाओं पर जाता है। लेकिन चिकित्सा और मनोविज्ञान की दुनिया में कई ऐसी अपरंपरागत थेरेपीज मौजूद हैं, जो आसान और बहुत कारगर हैं।

बिबलियोथेरेपी: जब आप किसी ऐसे काल्पनिक पात्र के बारे में पढ़ते हैं, जो बिल्कुल आपकी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तो आपका मस्तिष्क उससे जुड़ जाता है। इसे मनोविज्ञान में 'कैथार्सिस' यानी भावनाओं का शुद्धिकरण कहते हैं। अपनी मानसिक स्थिति की पहचान करें जैसे-ब्रेकअप, नौकरी का तनाव, या अकेलापन, फिर ऐसी किताबें चुनें, जो उस विषय पर हों। इन किताबों को रोज 15-20 मिनट जरूर पढ़ें। यह प्रक्रिया आत्म-जागरूकता बढ़ाती है और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करती है।

डांस-मूवमेंट थेरेपी

साउंड हीलिंग

क्रायोथेरेपी: अत्यधिक ठंड के संपर्क में आने से शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। जब शरीर वापस सामान्य तापमान पर आता है, तो अंगों में तेजी से ऑक्सीजन युक्त खून का बहाव होता है। इसके लिए किसी प्रोफेशनल सेंटर में 2 से 3 मिनट के लिए कोल्ड चैंबर (-110 डिग्री. सेंटीग्रेड से 140 डिग्री. सेंटीग्रेड) में पैर रखा जाता है। इससे मांसपेशियों की रिकवरी तेज होती है और एथलीटों का दर्द तुरंत गायब होता है।

शिनरिन-योकू (फॉरेस्ट बाथिंग): यह थेरेपी जापान में बहुत फेमस है। जंगलों और पेड़ों (विशेषकर देवदार और पाइन) से फाइटोनसाइड्स नामक प्राकृतिक रोगाणुरोधी यौगिक हवा में निकलते हैं। जब हम सांस लेते हैं, तो ये हमारे अंदर जाते हैं। किसी पास के घने पार्क, जंगल या बोटेनिकल गार्डन में जाएं। अपना मोबाइल और ईयरफोन पूरी तरह बंद कर दें या घर छोड़ दें। बिना किसी लक्ष्य के धीरे-धीरे चलें। पत्तों की सरसराहट सुनें, मिट्टी की महक लें और पेड़ों को छुएं। कम से कम 40 मिनट वहां बिताएं। यह ब्लड प्रेशर को कम करता है और नेचुरल किलर इम्यून कोशिकाओं को बढ़ाता है, जो कैंसर से लड़ती हैं।

साउंड हीलिंग: हमारा शरीर और मस्तिष्क तरंगों पर काम करते हैं। तिब्बती हीलिंग बाउल्स की आवाज मस्तिष्क की तरंगों को अशांत 'बीटा' स्टेट से शांत 'अल्फा' और 'थीटा' स्टेट में बदल देती है, जो ध्यान की अवस्था है। इसके लिए एक शांत कमरे में लेट जाएं या आराम से बैठ जाएं। यूट्यूब या किसी म्यूजिक एप पर तिब्बतन सिंगिंग बाउल्स 432 हट्र्ज या गोंग बाथ का म्यूजिक चलाएं। फिर हेडफोन लगाकर आंखें बंद करें और केवल उस ध्वनि के कंपन को महसूस करें। रोज 10-15 मिनट करें। इससे क्रॉनिक स्ट्रेस, एंग्जाइटी और अनिद्रा की समस्या जड़ से खत्म होती है।

डांस-मूवमेंट थेरेपी: हमारा शरीर मानसिक आघात और दबी हुई भावनाओं को मांसपेशियों के तनाव के रूप में जमा करके रखता है। बिना किसी नियम के शरीर को हिलाने-डुलाने से वह तनाव बाहर निकल जाता है। इसके लिए कमरे का दरवाजा बंद करें ताकि आपको कोई देख न सके। कोई भी ऐसा संगीत बजाएं, जो आपकी वर्तमान भावना को दर्शाता हो, चाहे वह गुस्सा हो, उदासी हो या खुशी। फिर 5 से 10 मिनट तक नाचें या कूदें। भावनाओं को बहने दें। इससे शरीर में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है और दबी हुई भावनाएं बाहर निकलती हैं।

इन थेरेपीज का अभ्यास खुद से कभी न करें। पहले एक्सपर्ट की गाइडेंस लें और अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही करें। *

एआई के संभावित खतरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया : वेम्बु

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बु ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के संभावित खतरों को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और एआई के विकास पर वैश्विक स्तर पर रोक लगने की संभावना नहीं है।

- भारत को एआई के क्षेत्र में स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए

वेम्बु ने भारत से रणनीतिक विकल्प खुले रखने और विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश करने का आग्रह किया। वेम्बु ने कहा कि भारत को एआई के क्षेत्र में स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और साझेदारियों का लाभ उठाना चाहिए, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच उभरती प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा में किसी एक पक्ष से बंधने से बचना चाहिए।

जोहो के सह-संस्थापक ने वैश्विक रोक को अव्यावहारिक बताया

सरकारें प्रौद्योगिकी के विकास में पीछे रहेंगी

विनियमन के बारे में वेम्बु ने कहा कि सरकारें संभवतः प्रौद्योगिकी के विकास से पीछे रहेंगी, जैसा कि पहले की प्रौद्योगिकियों के मामले में भी हुआ है। उन्होंने एआई के विकास की तुलना वाहन उद्योग के शुरुआती दौर से की, जब कारों का इस्तेमाल व्यापक होने के बाद लाइसेंस, गति सीमा और सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम बनाए गए थे।

अपने विकल्प खुले रखना चाहिए

जोहो के मुख्य वैज्ञानिक एवं सह-संस्थापक वेम्बु ने कहा, /"हमें सभी के साथ मित्रवत रहना चाहिए, किसी का दुश्मन नहीं बनना चाहिए और अपने विकल्प खुले रखने चाहिए। उन्होंने बुनियादी अनुसंधान एवं विकास में व्यापक निवेश की जरूरत बताई और दीर्घकालिक वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी क्षमताओं तथा वैश्विक कंपनियों द्वारा अत्याधुनिक एआई मॉडल के विकास और इस्तेमाल पर खर्च की जा रही बड़ी रकम के बीच अंतर बताया।



एआई मॉडल विकास के लिए बड़े निवेश की जरूरत नहीं

सह-संस्थापक ने कहा कि बुनियादी क्षमताएं विकसित करने के लिए अत्याधुनिक एआई मॉडल के विकास जितने बड़े निवेश की जरूरत नहीं होती। उन्होंने कहा, /"इस पर 10 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च करने की जरूरत नहीं है और यह 10-20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया जा सकता है।/" वेम्बु ने कहा कि वह उन आशंकाओं से सहमत नहीं हैं कि एआई अनिवार्य रूप से मानवता का विनाश कर देगा।

रोक लगाने की मांग खारिज की

वेम्बु ने कहा कि इसका अर्थ यह है कि एआई के लिए नियामकीय व्यवस्था संभवतः प्रौद्योगिकी के साथ-साथ विकसित होगी, जरूरी नहीं कि उससे पहले तैयार हो। वेम्बु ने एआई के विकास पर दुनियाभर में रोक लगाने की मांग को भी खारिज किया।

कर्मचारियों को कौशल अपने पास रखना चाहिए

जोहो के सह संस्थापक ने कहा कि कर्मचारियों को महत्वपूर्ण कौशल अपने पास बनाए रखने चाहिए, न कि उन्हें एआई तंत्र के हवाले कर देना चाहिए। इस मुद्दे का शिक्षा और कार्यबल विकास पर व्यापक असर हो सकता है। एआई अल्पावधि में उत्पादकता बढ़ा सकता है।

खबर संक्षेप

एनटीपीसी ने 3,394 करोड़ का लाभांश किया भुगतान

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने शेयरधारकों को 3,393.83 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में कुल लाभांश भुगतान 8,727 करोड़ रुपये हो गया है।

जिंदल सुप्रीम का शेयर 38 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। प्लास्टिक पाइप और इससे जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनी जिंदल सुप्रीम इंडिया लिमिटेड का शेयर बुधवार को 93 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 38 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 121.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 31 प्रतिशत अधिक है।

फाइजर नकली दवाओं के जांच में दें रहा सहयोग

नई दिल्ली। कर्नाटक खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की ओर से नकली दवाओं के प्रसार के खिलाफ की गई कार्रवाई पर दवा कंपनी फाइजर इंडिया ने कहा है कि मरीजों की सुरक्षा और उत्पादों की गुणवत्ता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नकली दवाओं के कथित वितरण और बिक्री के मामले में 16 खुदरा तथा थोक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए हैं।

हीरो मोटर्स पहले दिन 17 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध



नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी हीरो मोटर्स का शेयर कारोबार के पहले दिन बुधवार को कमजोर शुरुआत से उबरकर 17 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में कंपनी का शेयर 82.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो 84 रुपये के निर्गम मूल्य से 2.26 प्रतिशत कम है। हालांकि बाद में शेयर 17.27 प्रतिशत बढ़कर 98.51 रुपये पर बंद हुआ।

एसएस रिटेल का शेयर 80 फीसदी उछलकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली। विभिन्न ब्रांड के मोबाइल फोन बेचने वाली एसएस रिटेल लिमिटेड का शेयर बुधवार को कारोबार के पहले दिन 424 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 51 प्रतिशत बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। अंत में 80 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर 639.10 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 50.73 प्रतिशत अधिक है। यह 80.87 प्रतिशत बढ़कर 766.90 रुपये तक पहुंचा। अंत में शेयर 80.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 765.15 रुपये पर बंद हुआ।

जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर करीब सात प्रतिशत किया

एसएंडपी, फिच समेत चार एजेंसियों ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) तथा आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने बुधवार को भारत की वित्त वर्ष 2026-27 की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर करीब सात प्रतिशत कर दिया है।

एजेंसियों ने अप्रैल-जून तिमाही में अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन और घरेलू मांग में मजबूती को इसका आधार बताया। इसके अलावा, एसएंडपी और फिच ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को चालू साल में नीतिगत दर रेपो को कम-से-कम 0.25 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

एसएंडपी ने वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर सात प्रतिशत किया

एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। उसने मजबूत आर्थिक गतिविधियों को इसका कारण बताया और वित्त वर्ष 2026-27 में आरबीआई द्वारा ब्याज दर में 0.25

खाड़ी युद्ध के बीच भारत की अर्थव्यवस्था मजबूतः फिच

फिच ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है कि ''2026 की पहली छमाही में अमेरिकी-ईरान युद्ध से लगे झटके के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है।'' फिच के अनुसार, शेष वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि की गति धीमी पड़ने की संभावना है। इसके कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है।

- अप्रैल-जून तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन रहा
- घरेलू मांग में मजबूती को इसका आधार बताय गया
- मुद्रास्फीति का दबाव नीतिगत दर बढ़ाने प्रेरिक कर सकता है

दूसरे छमाही में वृद्धि की रफ्तार कम हो सकती हैः एसएंडपी

हालांकि, उसने कहा कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में वृद्धि की रफ्तार कम हो सकती है, क्योंकि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाये जाने और आयकर में कटौती से मिलने वाला लाभ कम हो जाएगा। एसएंडपी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि परिस्थितियां ऊंची ब्याज दरों के पक्ष में जाएंगी। इसके समर्थन में मजबूत वृद्धि, लगातार मुद्रास्फीति का दबाव, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और मौसम संबंधी जोखिम शामिल हैं।''

फिच ने मुद्रास्फीति 5.5 रहने का लगाया अनुमान

फिच ने इस साल दिसंबर में मुद्रास्फीति 5.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। फिच ने अपनी 'वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट' में कहा कि ऊर्जा कीमतों में झटके के बावजूद वैश्विक वृद्धि मजबूत बनी हुई है, लेकिन वास्तविक ब्याज दरें बढ़ रही हैं। एजेंसी ने वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान 0.20 प्रतिशत बढ़ाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया है।

आईसीडी ने भारत की वृद्धि दर 7.1 फीसदी की

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने मजबूत घरेलू मांग और सरकारी नीतियों को देखते हुए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 0.80 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले जून में ओईसीडी ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

वृद्धि को मजबूत निवेश मांग मिल रहीः एडीबी

वहीं एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भी बुधवार को चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान जुलाई में लगाए गए 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। एडीबी ने कहा कि वृद्धि को मजबूत निवेश मांग, लचीले उपभोग और विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्रों में ठोस वृद्धि से समर्थन मिल रहा है।

पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना 530 करोड़ रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पेट्रोल की बिक्री पर प्रति लीटर आठ रुपए का नुकसान
- डीजल की बिक्री पर भी नौ रुपए प्रति लीटर की हानि
- एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बीच घरेलू ईंधन कीमतों में बदलाव नहीं होने से पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर बढ़ते नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह बात कही है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड को पेट्रोल की बिक्री पर करीब आठ रुपये प्रति लीटर और डीजल पर नौ रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। वहीं, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) पर सितंबर में प्रति सिलेंडर करीब 300 रुपये का नुकसान हो रहा है। इक्रा ने कहा, /"इन स्तर पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को रोजाना करीब 530 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति में व्यवधान के बीच हाल के सप्ताहों में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है।

"पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने और प्रमुख तेल आपूर्ति मार्गों में व्यवधान से कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है।/"

पहली तिमाही में सिलेंडर पर 500 रु. का नुकसान हुआ था

इक्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में प्रत्येक घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर करीब 500 रुपये का नुकसान हुआ था, जो सितंबर में घटकर करीब 300 रुपये प्रति सिलेंडर रह गया।

कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 299 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल के दाम में नरमी के साथ घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 299 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,450 अंक के करीब पहुंच गया।

कच्चे तेल के दाम में नरमी के अलावा पश्चिम एशिया में संकट कम होने की उम्मीद के साथ रेटिंग एजेंसियों के भारत के वृद्धि अनुमान बढ़ाने से धातु, वित्तीय और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 299.17 अंक की तेजी के साथ 74,828.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.66 अंक चढ़कर 74,973.74 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 117.80 अंक की बढ़त के साथ 23,446.80 अंक पर बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों के बीच निवेशकों ने लिवाली की जिससे घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद और अमेरिकी तेल मानक वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) के 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।''



- निफ्टी 118 अंक गिरकर 23,450 के करीब
- धातु, वित्तीय और एफएमसीजी में रही खरीदारी

इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड और लार्सन एंड टुब्रो में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचसीएलटेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 प्रतिशत बढ़कर 99.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

हवाई यात्रियों की संख्या अगस्त में घटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात अगस्त में सालाना आधार पर 6.34 प्रतिशत घटकर 121.26 लाख रह गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सभी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने अगस्त 2025 में कुल 129.47 लाख यात्रियों को हवाई यात्रा कराई थी। डीजीसीए ने कहा, /"जनवरी-अगस्त 2026 अवधि के दौरान घरेलू एयरलाइन कंपनियों ने 1,105.30 लाख यात्रियों को यात्रा कराई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह संख्या 1,107.26 लाख थी। इस तरह सालाना वृद्धि दर -0.18 प्रतिशत और मासिक (अगस्त 2026 की तुलना में अगस्त 2025) वृद्धि दर -6.34 प्रतिशत रही।/जुलाई के 67.4 प्रतिशत से घटकर 65 प्रतिशत रह गई। वहीं, संकटग्रस्त स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी भी जुलाई के 1.6 प्रतिशत से घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई। इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी अगस्त में बढ़कर 26.7 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई 2026 के मुकाबले 2.7 प्रतिशत अधिक है।

गौतम अदाणी फिर बने सबसे अमीर भारतीय : हुरुन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गौतम अदाणी एवं परिवार ने मुकेश अंबानी एवं परिवार को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे अमीर लोगों की सूची में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। एम3एम हुरुन इंडिया की नवीनतम सूची में यह जानकारी दी गई है।

- दोनों अमीर परिवारों के बीच संपत्ति का अंतर 59,400 करोड़ रुपए

अमीर भारतीयों पर जारी 2026 की सूची के मुताबिक, अदाणी परिवार की संपत्ति 13 प्रतिशत बढ़कर 9.23 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि अंबानी परिवार की संपत्ति 10 प्रतिशत घटकर 8.63 लाख करोड़ रुपये रह गई है। इस तरह दोनों अमीर परिवारों के बीच संपत्ति का अंतर 59,400 करोड़ रुपये रहा।

वेदांता के अग्रवाल नौवें स्थान परः वेदांता के अनिल अग्रवाल और परिवार 2.08 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए, जबकि टोरेंट फार्मास्युटिकल्स से जुड़े समीर मेहता और परिवार 1.89 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए।

अंबानी परिवार की संपत्ति घटकर 8.63 लाख करोड़

वहीं, अंबानी परिवार की संपत्ति 2017 के 2.58 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 10.15 लाख करोड़ रुपये हुई, लेकिन इसके बाद लगातार दो वर्षों में घटकर 8.63 लाख करोड़ रुपये रह गई। भारत में कम-से-कम 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति वाले लोगों की संख्या बढ़कर 1,810 हो गई है, जो एक साल पहले की तुलना में 128 अधिक है।



विधायक मिश्रा के नेतृत्व में होगा पदयात्रा सप्ताह

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प को साकार करने तथा जनसेवा और जनजागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पदयात्रा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आठ दिनों तक चलने वाले इस अभियान में नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, योजनाओं की जानकारी और जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने जैसे विषयों को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा सप्ताह का शुभारंभ 25 सितंबर को दोपहर 3 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा, तेलीबांधा थाना चौक में माल्यार्पण के साथ होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, रायपुर महापौर मीनल चौबे, महिला मोर्चा विभा अवस्थी सहित निगम-मंडल एवं आयोगों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य, संगठन के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, साधु-संत भी उपस्थित रहेंगे।

सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी में 3 दिन की कटौती

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के स्कूलों के लिए दशहरा दिवाली एवं शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है, जिसमें इस बार पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष दशहरा-दिवाली सहित शीतकालीन अवकाश में कटौती की गई है। वहीं राज्य शासन के आदेश में ग्रीष्मावकाश का उल्लेख ही नहीं है। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि पूर्व में कई वर्षों से दशहरा, दिवाली, शीतकालीन अवकाश के साथ ही ग्रीष्मावकाश की भी उल्लेख होता था। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दशहरा दिवाली सहित शीतकालीन अवकाश कुल मिलाकर 18 दिवस का था। वहीं इस वर्ष यह मात्र 15 दिन का ही है।

कीटनाशक जांच के लिए गाजियाबाद भेज रहे सैंपल, हमारे पास करोड़ों की मशीन लेकिन अधिकारी गायब!

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने उर्वरक, बीज और कीटनाशक की गुणवत्ता की जांच करने के लिए तीन वर्ष पहले राजधानी सहित राजनांदगांव और रायगढ़ जिले में कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित प्रयोगशालाओं के लिए करोड़ों रुपए खर्च करके आधुनिक मशीने एवं उपकरण खरीदे। इन मशीनों और उपकरण को खरीदने के बाद अब तक इनका इस्तेमाल नहीं हो पाया है। इन मशीनों एवं उपकरणों को प्रयोगशालाओं में डंप कर दिया गया है, क्योंकि उर्वरक, बीज और कीटनाशक की जांच करने के लिए अभी तक विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की जा सकी है। इधर विभाग के उच्च अधिकारी का कहना है कि स्पेशल सेल का गठन कर कार्य किया जा रहा है। इन प्रयोगशालाओं में शीघ्र ही विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति कर टेस्टिंग का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश में उर्वरक, रासायनिक कीटनाशक, बीज की गुणवत्ता की जांच के लिए कुछ जिलों में ही प्रयोगशालाएं है। इनमें जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशक की जांच के लिए एक भी प्रयोगशाला नहीं है, जिसके कारण इनके सैंपल की जांच के लिए उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद स्थित प्रयोगशाला भेजा जाता है। रिपोर्ट आने में कई महीने लग जाते हैं। इसके अलावा उर्वरक, रासायनिक कीटनाशक एवं बीज की गुणवत्ता की जांच के लिए भी रायपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव में ही प्रयोगशालाएं हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें भी रायपुर और रायगढ़ में विश्लेषकों और तकनीकी अधिकारियों के नहीं होने से कीटनाशक सैंपलों को जांच के लिए राजनांदगांव प्रयोगशाला भेजा जाता है, जिसके कारण इनकी रिपोर्ट आने में समय लग जाता है। इन दिक्कतों को देखते हुए ही रायपुर के तीन प्रयोगशाला सहित रायगढ़ और राजनांदगांव के लिए नई मशीन सहित अन्य उपकरणों की खरीदी की गई। विभाग में अपर संचालक के 8 पद, संयुक्त संचालक के 4 तथा उप संचालक के 6 पद भी खाली है।

विश्लेषक तथा तकनीकी अधिकारियों की अब तक नियुक्ति नहीं

इसी प्रकार आधा दर्जन से अधिक जिलों में जिला कृषि अधिकारी (डीडीए) के पद प्रभार के भरोसे हैं, वहीं लगभग सभी जिला कार्यालय, विकासखंड और प्रयोगशालाएं अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे हैं। मैदान में गुण नियंत्रण और कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (एसएडीओ) के 280 पद खाली हैं। इनमें कई ऐसे है, जो पदोन्नति की योग्यता रखते हैं, लेकिन मिल नहीं पाई। इनमें से कई प्रयोगशाला में होने वाली टेस्टिंग की ट्रेनिंग तक पूरी कर चुके हैं। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी मशीनों एवं उपकरणों का इस्तेमाल किया नहीं जा रहा है, जिसके कारण अब ये प्रयोगशाला में रखे-रखे कंडम होने लगी है। रायपुर स्थित लाभांडी स्थित प्रयोगशाला में इन मशीनों का उपयोग नहीं होने के कारण एक कमरे में डंप कर दिया है।

नियुक्ति जल्द

उर्वरक, बीज, कीटनाशक की जांच के लिए प्रयोगशालाएं बनी हुई हैं। इसके लिए मानव संसाधन तथा भारत सरकार से भी सहयोग मिलता है। मानिटरिंग करने के साथ विशेष सेल का भी गठन किया है। जल्द ही अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

-राहुल देव,
संचालक कृषि विकास विभाग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग महासमुंद

निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञापन क्रमांक.....

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग महासमुंद अंतर्गत निक्षेप कार्य के तहत जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा में नवीन उप पंजीयक कार्यालय भवन निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग–महासमुंद के मोबाईल नं. 76971–92220 पर संपर्क करें।

संवाद-49144 कार्यपालन अभियंता

कार्यालय अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh,ph-07762-220741
E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक/चिकि.महा./क्रय/2026–27/13662 रायगढ़ दिनांक 22/09/26

निविदा सूचना

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए Books क्रय किये जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु गुड ऑफिस कमेटी (G.O.C.) रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म/प्रदायकर्ता फर्म/पब्लिसर/अधिकृत विक्रेता कम्पनी एवं फर्मो से खुली निविदा आमंत्रित है।

निविदा प्रारंभ तिथि (निविदा प्रपत्र बिक्रय तिथि)	दिनांक 28/09/2026 समय 10:00 AM से
निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (निविदा संबंधी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा)	दिनांक 12/10/2026 समय 03:00 PM के पूर्व
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 12/10/2026 समय 04:00 PM

टीप : निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in का अवलोकन कर सकते है।

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शास.
चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

जी-262703463/1

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://cproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 199661/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2026–27 दि. 21.09.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 12.10.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :–

कार्य का नाम- बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ के मिरतुर तालाब का जीर्णोद्धार एवं 03 नग व्ही.आर.बी. निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत- रू. 301.87 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)
(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई–प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 28.09.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बीजापुर
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

जी-262703456/3

DIRECTORATE OF AVIATION
GOVT. OF CHHATTISGARH,
MAHANADI BHAWAN
CAPITAL COMPLEX, MANTRALAYA, NAVA RAIPUR (CG): 492002, INDIA Phone No+91(0)771-2510172
FAX No. +91(0)771-2510172

Ref No./DoA/Ops/tender/2026/887
Nava Raipur, Date : 22.09.2026

NOTIFICATION FOR THE RATE EMPANELMENT OF CHARTER SERVICES OF HELICOPTER/ AEROPLANE

Directorate of Aviation (DoA), Government of Chhattisgarh (GoCG) invites Request for Proposal (RFP) for empanelment of eligible operators for providing Helicopters and Aeroplanes on hire basis for VIP/VVIP Operations and Air Ambulance Services on As-and-When-Required Basis for a period of Three (03) Years.

The Detailed tender document shall be available on the e-Procurement Portal of Government of Chhattisgarh at: https://eproc.cgstate.gov.in from 22.09.2026.

Last date for submission of Pre-Bid Queries: 01.10.2026 up to 05:00PM (online only)

Pre-Bid Meeting Date 05.10.2026, Time 12:00 Noon, Mode- (Online +Offline), Venue M1/7, Mahanadi Bhawan, Mantralaya, Nava Raipur (C.G.).

Interested bidders are advised to visit the above e-procurement portal for detailed eligibility criteria, terms & conditions, and further instruction.

Additional Director
Directorate of Aviation,
Mantralaya, Nava Raipur (C.G.)

G-262703479/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर / कोरबा

निविदा निरस्तीकरण सूचना

ने बुधवार को राजधानी के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आयुर्वेद सेवा सम्मेलन, रक्तदान महाकुंभ एवं वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित करते हुए सभी को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दीं और रक्तदान, देहदान एवं अंगदान का संकल्प लेने वाले नागरिकों के सेवा भाव की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेशभर में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा और जनकल्याण के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सेवा का यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ रहा है। रक्तदान से लेकर जरूरतमंद बच्चों के लिए पुस्तक, खिलौने और स्टेशनरी एकत्रित करने तक अनेक गतिविधियां इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप दे रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित आयुर्वेद सेवा सम्मेलन और रक्तदान महाकुंभ इसी सेवा भावना का सशक्त उदाहरण है। विशेष रूप से इतनी बड़ी संख्या में माताओं-बहनों का रक्तदान के लिए आगे आना अत्यंत प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा, सहित विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्षगण, प्रशासनिक अधिकारी, अर्धसैनिक बल एवं सेना के अधिकारी और जवान तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » सभी प्रकार के ऑपरेशन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चो के ऑपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

कहीं पड़े-पड़े दवाई हो गई ...

शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई को लेकर बुधवार को हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की। पड़ताल के दौरान टीम जब शहर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर एक्सपायरी दवाइयां मिलीं। अस्पताल में कार्टून के अंदर पैरासिटामोल के इंजेक्शन एक्सपायर पाए गए। ये इंजेक्शन जून 2026 में ही कालातीत हो चुके हैं लेकिन अभी तक इन्हें डिस्पोज नहीं किया गया। बड़ी बात यह है कि सीजीएमएससी द्वारा अस्पतालों में दवाओं को खपत से अधिक मात्रा में सप्लाई किया जा रहा है जिससे वे पड़े पड़े एक्सपायर हो रही है। इसके बाद टीम मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल में कुछ ऐसी दवाइयां सामने आई जिनकी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं थी।

सोल्यूशन के डिब्बे पर नहीं ...

अस्पताल के शासकीय दवा वितरण केंद्र से कई प्रकार की दवाइयां नहीं मिल पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि इन दवाओं की सप्लाई सीजीएमएससी से नहीं की जा रही है।

लिंगेश्वरी माता के दरबार...

के लिए खोला गया। साल में केवल एक दिन खुलने वाले इस गुफा मंदिर में मां के दर्शन और संतान प्राप्ति की कामना लेकर बड़ी संख्या में निसंतान दंपति पहुंचे। लम्बी कतारों में घण्टों खड़े रहने के बाद श्रद्धालुओं को माता के दर्शन हुए। मन्दिर खुलने से 3 दिन पहले से ही मां लिंगेश्वरी के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बुधवार सुबह से ही मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर समिति के अनुसार शाम तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दर्शन कर चुके थे। कई श्रद्धालु दो दिन पहले से ही यहां पहुंचकर डटे हुए थे। **पुलिस ने किए थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम -** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ड्यूटी में एडिशनल एसपी, 5 डीएसपी, 8 निरीक्षक समेत 380 जवान तैनात किए गए थे। एसपी पंकज चन्द्रा स्वयं व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे थे। मंदिर परिसर और प्रवेश मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती के साथ स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई। मंदिर समिति के अनुसार मां लिंगेश्वरी के दर्शन का सिलसिला रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर मंदिर समिति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गुफा के द्वार दोबारा बंद कर दिए जाएंगे।

राम मंदिर में दर्शन के नाम...

कराने के नाम पर रुपये लेने और उन रुपयों से आभूषण खरीदने की बात कही गई है। जांच में यह भी सामने आने का दावा है कि मंदिर से जुड़े संपर्कों और प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए वाहनों को किराये पर चलाने से उसे करीब 90 हजार रुपये प्रतिमाह तक की आय होती थी। पुलिस ने इन दावों से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य चार्जशीट में शामिल किए हैं। अनुकल्प मिश्र और लवकुश मिश्र नकदी की गिनती से जुड़े थे। पुलिस का दावा है कि अनुकल्प के घर से करीब 20 लाख और लवकुश के घर से करीब 10 लाख रुपए बरामद हुए। मनीष यादव, सुभाष श्रीवास्तव, अविनाश शुक्ल, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्र भी नकदी की गिनती से जुड़े बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार अविनाश शुक्ल के बैंक खाते से 5 लाख रुपए की रिकवरी हुई थी। **चार्जशीट दायर करने के बाद बवाल, वकील नाराज -** राम मंदिर चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी। चार्जशीट दायर करने के बाद बवाल मच गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि चार्जशीट दाखिल करने से पहले उन्हें इसकी जानकारी और कॉपी दिखाई जानी चाहिए थी, ऐसा न होने से पूरे मामले में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस विवेचक और सीओ अयोध्या इस केस की चार्जशीट दाखिल करने के लिए एंटी करप्शन कोर्ट पहुंचे और जैसे ही यह खबर फैली कि चार्जशीट दाखिल की जा रही है, वहां मौजूद वकीलों ने इसका कड़ा विरोध किया। बुधवार को ही आरोपियों की गिरफ्तारी को 90 दिन पूरा हो रहा था। इससे पहले ही पुलिस ने जांच पूरी कर भ्रष्टाचार निवारण की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी।

टाइमलाइन...

लोगों से पूछताछ शुरू की।
15 जून : एसआईटी ने चंपत राय और गोपाल राय समेत कर्मचारियों से पूछताछ की।
16 जून : एसआईटी ने फिर पूछताछ की और ट्रस्ट के करीब एक वर्ष पुराने दस्तावेज खंगाले।

बाहर से शराब पीकर ...

पंचायत की कार्रवाई के बाद गांव में शराबबंदी के फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच मैनेजर राम ने बताया कि ग्राम पंचायत केवरी में 1 सितंबर से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की गई थी। गांव में शराबबंदी से पूर्व ग्राम पंचायत के पूर्णतः शराबबंदी के निर्णय का गांव की महिलाओं व ग्रामीणों ने समर्थन किया। **ग्रामीणों में सख्ती का संदेश-** ग्राम पंचायत के इस कदम से शराबबंदी को लेकर ग्रामीणों में सख्ती का संदेश गया है। पंचायत का कहना है कि गांव में शराबबंदी के फैसले का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

ओडिशा में झमाझम, छग समेत...

आंध्र प्रदेश तट की ओर तेजी से बढ़ने की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में खराब मौसम से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि आपदा प्रबंधन में सरकार की 'शून्य जनहानि' नीति का सख्ती से पालन होना चाहिए। मौसम विभाग ने बताया कि गहरा अवदाब आंध्र प्रदेश के कलिंगपट्टनम से करीब 50 किलोमीटर, ओडिशा के गोपालपुर से 150 किलोमीटर और पुरी से 250 किलोमीटर दूर है। गहरा अवदाब (डीप डिप्रेशन) मौसम की एक ऐसी प्रणाली है, जो कम दबाव के क्षेत्र से अधिक तीव्र और चक्रवाती तूफान से कम तीव्र होती है। मौसम विभाग ने बताया कि गहरे अवदाब के 23 सितंबर की रात तक विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच, कलिंगपट्टनम के पास से उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट को पार करने की बहुत अधिक संभावना है।

मालवाहक जहाज पर...

एफएसयूआई ने दावा किया है कि जहाज पर कुल 28 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें 20 भारतीय थे। हालांकि, यह संख्या भारतीय दूतावास की ओर से बताई गई 19 भारतीय नागरिकों की संख्या से अलग है। दूतावास ने बताया कि वह आरपीएसएल के साथ समन्वय कर रहा है और मृतक के परिवार के भी संपर्क में है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि एमवी केप डाओ पर हमला किसने किया। दूतावास ने कहा कि सभी चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034वी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

HMS हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूट जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता (लडके व लडकियां) वेतन योग्यतानुसार, अरिहंत फैशन,जैन मंदिर के पास,सीपत चौक,सरकंडा, बिलासपुर 9691307110, 9993248836 (41936)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी लड़की/ लड़का, टेलीकॉलिंग हेतु लड़की एवं मार्केटिंग हेतु लड़की/ लड़का की आवश्यकता है सम्पर्क करें- एस.एस. एनर्जी इंटरप्राइजेस वृन्दावन प्लाजा नेहरु चौक बिलासपुर 9827475898, 8234078440 (41941)

आवश्यकता है- टेन्ट हाउस में लोडिंग अनलोडिंग काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9827189233 (41937)

आवश्यकता है- मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है वेतन 10000 से 25000 उम्र 25वर्ष से ऊपर सम्पर्क- प्लस आटोमोबाइल शीतला माता मन्दिर के पास, शारदा मन्दिर के सामने, तारबाहर, बिलासपुर (41939)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में साईट कार्य हेतु वाईरिंग, फिटिंग इलेक्ट्रीशियन अनुभवी एवं फ्रेशर लड़के चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (41934)

आवश्यकता है- Zee Guard Solar Pvt. Ltd. को Sales Manager, ड्राईवर, Office Boy, Solar Installer Counselor, Telecaller, Office Manager की आवश्यकता है वेतन 12000 से 25000+ PF+ ESIC+ Fuel Expenses सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक, बिलासपुर 9111880999, 8085045559 (41931)

आवश्यकता है- किराना दुकान में काम करने हेतु लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सांईनाथ किराना, गुप्ता गली, टिकरापारा, मन्नू चौक बिलासपुर 6265389718 (41933)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेन्ट हाउस में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं अनुभवी इलेक्ट्रीशियन (योग्यता- ITI पास) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सर्वमंगला टेन्ट हाउस कुम्हारपारा रोड जरहाभाठा बिलासपुर 6260273334, 9826601147 (41940)

आवश्यकता है- खेत में काम करने के लिए मेहनती ईमानदार ग्रामीण, आदिवासी एक परिवार की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार, बिजली, पानी सहित रहने की सुविधा फ्री सम्पर्क करें- 917000311585, 9752777077, 79990 43732 (41943)

आवश्यकता है- ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन 8000 कार्य समय 10 से 8, सम्पर्क- पाहवा इंटरप्राइजेज, गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 81091 67000 (41944)

आवश्यकता है- नर्सरी कक्षा की बच्ची को घर आकर पढ़ाने के लिए होम ट्यूटर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 8815208477 (41923)

आवश्यकता है- घर में खाना बनाने वाली लेडिस की आवश्यकता है। (मुस्लिम महिला) पता- सीएमडी कॉलेज के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9617969000 (41928)

आवश्यकता है- सीसीटीवी, डीटीएच फिटिंग, ऑफिस हेल्पर, सेल्स मार्केटिंग एवं कम्प्यूटर वर्क हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें- निशानियां मार्केटिंग, जूनी लाइन बिलासपुर 9993455200, 07752407700 (41932)

आवश्यकता है- फर्निशिंग दुकान में कार्य करने हेतु हेल्पर की आवश्यकता है कार्य- फर्निशिंग संबंधी कार्यों में सहयोग। वेतन- योग्यता एवं अनुभव के अनुसार, नौकरी- तुरन्त जॉइनिंग, इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9691146716 (41930)

आवश्यकता है- रियल एस्टेट ऑफिस में कमीशन बेस पर काम करने हेतु लड़की एवं लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रगति कंस्ट्रक्शन सीता देवी पेट्रोल पम्प के पास मोपका 9827979016 (41912)

आवश्यकता है- स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- भाटिया इंटरप्राइजेज नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (41913)

आवश्यकता है- बिलासपुर में पारिजात कैसल रिंग रोड नं-2 में स्थित घर में घरेलू काम करने हेतु फुल टाइम स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7974626975 (41924)

आवश्यकता है- फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में सेल्स,रखरखाव हेतु मेहनती लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुधा सेल्स, सत्या शोरूम के बाजू में, नूतन चौक, सरकण्डा, बिलासपुर 9827497999 (41917)

आवश्यकता है- Busy सॉफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। वेतन- 10000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार हरिभूमि के पास रिंग रोड नंम्बर- 2, गौरव पथ बिलासपुर 9329941444 (41919)

आवश्यकता है- ई-रिक्शा ड्राइवर (महिला/ पुरुष) प्रचार गाड़ी चलाने के लिए, फील्ड सुपरवाइजर जिसको लोकल एरिया का जानकारी हो (पुरुष/ महिला) की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर 6263077177, 7805884040 (41920)

आवश्यकता है- UTN Shop में मार्केटिंग कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए। सैलरी 10000 से 15000 एवं रिसेप्शनिस्ट- 1पद सैलरी 6000 पता- शॉप नं.-16, प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (41926)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा सम्पर्क करें सुबह 10बजे से 2 तक शाम 5 से 9बजे तक गगन फ्लेक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650, 9425535104 (41918)

आवश्यकता है- होटल में काम करने हेतु रोटी बनाने, फ्राइपेन मिस्त्री, हेल्फर, वेटर, साउथ इंडियन मिस्त्री चाहिए वेतन योग्यतानुसार रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था सम्पर्क करे- पाण्डेय स्वीट्स अशोक नगर बिलासपुर 9907748408 (41914)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है जिसे बिजी सॉफ्ट वेयर की पूरी जानकारी हो। पढ़ा लिखा ही सम्पर्क करें- सुनील प्लास्टिक, अजीत होटल के पास मेन रोड, तेलीपारा बिलासपुर 98276 89999(41922)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी एजेन्सी में कार्य करने हेतु योग्य सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन 11000 से शुरू, सरकंडा तथा तिफरा वाले को प्राथमिकता। कृपया पूछताछ ना करें। सम्पर्क करें- 9981630084, 94255 34940 (41910)

आवश्यकता है- अतिशीघ्र आवश्यकता है सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000, विपणन अधिकारी 30000, फील्ड अधिकारी 16000 कम्प्यूटर ऑपरेटर 20000, टेंडर कार्य, योग्यता अनुसार मेस सुविधा, आवास फ्री संपर्क- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016, 7747000016 (815)

नशा मुक्ति केन्द्र

नशा मुक्ति केन्द्र- सभी प्रकार के नशे का ईलाज काउन्सलिंग, योग ध्यान, दवाईयों एवं आध्यात्मिक प्रोग्राम द्वारा सम्भव है। मनोरोगियों का ईलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जाता है सम्पर्क करें- 9340093665 (41915)

बेचना है

बेचना है- 10×14 दुकान छत नहीं नरेश बाजार के अन्दर मां शारदा कॉम्प्लेक्स तेलीपारा में, 10x14 दुकान मेन रोड पर (दीदी गारमेन्ट) गुरुनानक चश्मा के पास सदर बाजार में। सम्पर्क- 9827938236, 8770963388 (41938)

बेचना है- जमीन बेचना है बलगी रोड लाटा आनन्द विहार (पुष्प पल्लव) में सड़क से 50 मीटर की दूरी में विभिन्न साईज के प्लॉट बिक्री हेतु उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9827164642 (41927)

बेचना है- T&C प्रोजेक्ट सर्वसुविधायुक्त 2/3/4/5 BHK हाऊस एंड प्लाट रायपुर रोड 130 से लगा हुआ, हिर्री पुलिस थाना और LCIT कालेज के पास, रायपुर रोड, बिलासपुर T&C & रेरा एप्रूव्ड फार्महाऊस तखतपुर और रायपुर रोड में। सम्पर्क करें- 9827157523, 7898318935 (41921)

बेचना है- तोरवा गुरुनानक चौक स्थित जे.जे. हॉस्पिटल के पास 1619 वर्गफुट में निर्मित 5 दुकानें एवं बसन्त विहार के पास 11×20 फर्स्ट फ्लोर पर ऑफिस अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 9301186703 (41929)

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से ठीक पीछे आवासीय या व्यावसायिक उपयोग हेतु 22000 वर्गफुट हॉस्पिटल, अपार्टमेंट, फ्लैट, रेस्टोरेंट के लिए उपयोगी टुकड़ों में या एकमुश्त बेचना है सम्पर्क करें-7898855268 (41750)

किराया

किराया- ट्रैफिक थाने के पीछे वाली गली मसानगंज में हाल एवं कमरा अटैच्ड लैटबाथ, प्रथम तल में सर्विस क्लास परिवार को प्राथमिकता सम्पर्क करें- एडव्होकेट भारद्वाज 9425535921 7058635246 (41942)

किराया- कमरे का साइज 12.5×20 फीट द्वितीय तल में लिफ्ट के सामने डीएसएस काम्प्लेक्स मुंगेली नाका में स्थित दुकान/ आफिस हेतु किराए पर देना है सम्पर्क करें- 9617132163, 9179859182 (41935)

शैक्षणिक

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com, B.Sc, BBA, LLB, M.A M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, Polytechnic, BCA, DCA, MCA, PGDCA, B.Tech M.Tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector -6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4171)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते है कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

महिला हॉकी : भारत की थाईलैंड पर 20-1 से बड़ी जीत

ड्रैग फ्लिकर दीपिका ने बनाया रिकार्ड, दागे 9 गोल

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

ड्रैग फ्लिकर दीपिका के रिकॉर्ड 9 गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए बुधवार को पूल बी के मैच में थाईलैंड को 20-1 से हराया। भारत के लिए दीपिका ने (दूसरा, आठवां, नौवां, 24वां, 33वां, 36वां, 39वां, 51वां और 57वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर 9 गोल दागे। अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर ने चार (चौथा मिनट, 29वां, 35वां और 51वां) और रूतुजा पिसाल ने तीन (10वां, 11वां और 47वां) गोल किए। वहीं अनुभवी मिडफील्डर नेहा (19वां), लालरेम्सियामी (26वां), साक्षी राणा (29वां) और कप्तान सलीमा टेटे (45वां) ने एक एक गोल किए।

दीपिका ने उजबेकिस्तान के खिलाफ मैच में आठ गोल करके एक मैच में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड बनाया था, जिसे उन्होंने आज बेहतर किया। भारत ने पहले क्वार्टर में छह, दूसरे और तीसरे क्वार्टर में पांच पांच और आखिरी क्वार्टर में चार गोल किए। थाईलैंड के लिए एकमात्र गोल 57वें मिनट में सुपांसा सामासो ने पेनल्टी कॉर्नर वैरिएशन पर किया। भारत का सामना अब शुक्रवार को जापान से होगा।

पुरुष बैडमिंटन : भारतीय टीम ने जीता कांस्य

नागोया। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके, जिससे भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को बुधवार को एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में चीन के हाथों 1-3 से हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने 2023 में हांगझोउ में हुए पिछले एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। तब भी भारतीय टीम को फाइनल में चीन के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ही भारत की ओर से एकमात्र जीत दर्ज कर सकी। भारत के सेमीफाइनल तक के सफर के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके और पहले एकल मुकाबले में दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी शी यू कि के खिलाफ 16-21, 18-21 से हार गए, जिससे भारत 0-1 से पिछड़ गया।

वुशू: रोशिबिना देवी 60 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में, पदक पक्का

नागोया। भारतीय वुशू खिलाड़ी रोशिबिना देवी नाओरेम ने इंडोनेशिया की थानिया कुसुमानिंगतियास को हराकर एशियाई खेलों में महिलाओं के 60 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रोशिबिना ने आइची प्रांत मार्शल आर्ट हॉल में यह मुकाबला 2-0 से जीता। अब उनका सामना चीन की शियाओयु झांग से होगा। रोशिबिना ने पिछले दो एशियाई खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। उन्हें दिव्यांशी चौधरी के चोट के कारण बाहर होने के बाद टीम में शामिल किया गया था।

सॉफ्ट टेनिस : जय मीणा ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

नागोया। भारत के जय मीणा ने एशियाई खेलों में पुरुषों की एकल सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के सेमीफाइनल में जापान के तुकोया कुरोसाका से 2-4 से हारने के बावजूद कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा। अपने तीसरे एशियाई खेलों में खेल रहे 26 वर्षीय मीणा ने तीन गेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की, लेकिन वह लय बरकरार नहीं रख सके और 45 मिनट तक चले मुकाबले में कुरोसाका से 2-4 (3-5, 1-4, 1-4, 4-1, 6-4, 1-4) से हार गए। मध्यप्रदेश के देवास के रहने वाले और 2022 के राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मीणा को शुरुआत में अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। कुरोसाका को पहले तीन गेम जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाले मीणा ने शानदार वापसी की। उन्होंने चौथे गेम को आसानी से 4-1 से जीता और फिर पांचवें गेम को 6-4 से जीतकर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

स्कीट निशानेबाजी : भारत ने पोडियम में बनाई जगह

स्कीट निशानेबाजी में भारत के लिए राहत लेकर आई और देश ने दो कांस्य पदक जीते। यह ऐसा दिन रहा जब पिस्टल स्पर्धाओं में भारतीय महिला निशानेबाजों का प्रदर्शन अपेक्षित नतीजे हासिल नहीं कर सका। भारत की पुरुष और महिला स्कीट टीम ने पोडियम पर जगह बनाकर शुरुआती दिन से उतार-चढ़ाव से गुजर रहे निशानेबाजी अभियान में कुछ चमक बिखेरी। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी रोमांच रहा। पुरुष वर्ग में अनंतजीत सिंह नरुका और महिला वर्ग में रेजा ढिल्लों पदक के बेहद करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिला टीम का कांस्य विशेष महत्व रखता है। परिनाज धालीवाल, रेजा और माहेश्वरी चौहान ने 375 में से 331 अंक जुटाकर एशियाई खेलों में भारत को स्कीट का पहला पदक दिलाया।

पदक जीतना सपना सच होने जैसा : मीराबाई



__नागोया।__ पदक जीतने के बाद मीराबाई ने कहा, 'एशियाई खेलों में पदक जीतना सपना सच होने जैसा है। मैं पिछले 12 वर्षों से, 2014 के एशियाई खेलों से ही इस पदक के लिए कोशिश कर रही थी। इस पदक के साथ मेरा जीवन पूर्ण हो गया है। अब मैं बहुत हल्का महसूस कर रही हूं। ये मेरे सपनों के एशियाई खेल हैं।'

उत्तर कोरिया की री सोंग गम ने जीता गोल्ड

उत्तर कोरिया की दो बार की विश्व चैंपियन री सोंग गम ने उम्मीदों पर खरे उतरते हुए कुल 215 किलोग्राम (94 और 121 किलोग्राम) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों में खिताबी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने कुल वजन में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इंडोनेशिया की लुलुक डायना त्रिविजयाना ने 191 किलोग्राम (88 और 103 किलोग्राम) भार के साथ कांस्य पदक हासिल किया। मीराबाई ने अभी तक ओलंपिक से लेकर विश्व चैंपियनशिप में भी पदक जीते थे लेकिन वह एशियाई खेलों में यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई थी। मीराबाई ने ओलंपिक में रजत पदक, विश्व चैंपियनशिप में एक स्वर्ण सहित तीन पदक तथा राष्ट्रमंडल खेलों और राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के अलावा एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता है।

खबर संक्षेप

मोहाली में 29 सितंबर को भारत ए का मैच

नई दिल्ली। भारत ए और आस्ट्रेलिया ए की महिला टीमों के बीच 29 सितंबर को होने वाला लाल गेंद का मैच अब धर्मशाला की बजाय मोहाली में होगा क्योंकि बारिश के कारण धर्मशाला में स्टेडियम की आउटफील्ड को नुकसान पहुंचा है। तीन टी20, तीन वनडे और एक लाल गेंद के मैच की श्रृंखला 12 सितंबर से शुरू हुई है। अभी तक सारे मैच मोहाली में खेले गए हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'भारत ए और आस्ट्रेलिया ए महिला टीमों के बीच 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाला मैच अब धर्मशाला की बजाय मोहाली में होगा। धर्मशाला में लगातार बारिश के कारण आउटफील्ड पर असर होने से यह फैसला लिया गया है।' उन्होंने कहा, ' यह मैच अब मोहाली के आई एस बिंद्रा स्टेडियम पर खेला जाएगा।'

नोफके बने नीदरलैंड्स टीम के हेड कोच

एमस्टेलवीन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज एशले नोफके को नीदरलैंड्स की पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। उनका शुरुआती कॉन्ट्रैक्ट दो साल का है जो 2028 तक चलेगा। 49 वर्षीय नोफके,रयान कुक की जगह लेंगे, जिन्होंने अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया था। नोफके, जो अभी तक पाकिस्तान की पुरुष टीम के साथ सहायक और बॉलिंग कोच थे। अब नीदरलैंड्स टीम को वनडे वर्ल्ड कप 2027 और टी20 वर्ल्ड कप 2028 के क्वालिफिकेशन के रास्ते पर आगे ले जाने पर ध्यान देंगे। नोफके ने कहा, मैं नीदरलैंड्स पुरुष टीम के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं, जो टी20 वर्ल्ड कप में नियमित रूप से खेलती रही है।

ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 पर भारत की जीत, सीरीज की 'क्लीन स्वीप'

कप्तान लक्ष्य का शतक, आर्यवीर सहवाग ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| राजकोट

भारत की अंडर-19 टीम ने निरंजन शाह स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ मेजबान टीम ने अनाधिकारिक सीरीज में 3-0 से 'क्लीन स्वीप' कर लिया है।

भारतीय टीम ने सीरीज का पहला मैच 7 रन से जीता था। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में 30-30 ओवरों की कटौती हुई थी। इसके बाद भारत की अंडर-19 टीम ने सीरीज का दूसरा मैच 103 रन से अपने नाम किया। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया खेमे के पास अंतिम मैच जीतकर सम्मान बचाने का मौका था, लेकिन मेहमान टीम इसमें नाकाम रही।

ऑस्ट्रेलियाई टीम 254 रन पर सिमटी

बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम 49.3 ओवरों में 254 रन पर सिमट गई। जेड हॉलिक ने चार्ली हेंडरसन (18) के साथ पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े, जिसके बाद हॉलिक ने नील पटेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 रन जुटाकर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। हॉलिक 88 गेंदों में 87 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 12 चौके शामिल रहे। नील पटेल 71 गेंदों में 51 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कैटल ने 38 रन बनाकर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। भारत की तरफ से मोहित उल्वा और मनल चौहान को 3-3 सफलताएं हाथ लगीं, जबकि काव्य पटेल और आर्यन सवसाणी ने 1-1 विकेट चटकाया।

भारत ने 41.2 ओवरों में जीता मुकाबला

इसके जवाब में भारत की अंडर-19 टीम ने 41.2 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान लक्ष्य रैचंदानी ने आर्यवीर सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। आर्यवीर सहवाग 31 गेंदों में 5 चौकों के साथ 34 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद टीम ने वीके विनीत (10) का विकेट भी गंवा दिया। मेजबान टीम ने 89 के स्कोर तक अपने 2 विकेट खो दिए थे। इसके बाद कप्तान लक्ष्य ने कुशाग्र ओझा के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 85 रन जुटाकर टीम को 174 रन तक पहुंचा दिया। कुशाग्र 53 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

टॉप-10 में 3 भारतीय अय्यर को फायदा

एजेंसी ▶▶| दुबई

टी-20 इंटरनेशनल की बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के तीन खिलाड़ी टॉप-10 में शामिल हैं। ईशान किशन पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। वहीं, मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के भी तीन बल्लेबाज टी-20 बैटिंग रैंकिंग के टॉप-10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। श्रेयस अय्यर को आईसीसी की नई टी-20 इंटरनेशनल बैटिंग रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। अय्यर ने 7 स्थान की छलांग लगाकर अब 22वां स्थान हासिल कर लिया है।

जैक्स ने किया रैंकिंग में सुधार

इंग्लैंड के विल जैक्स ने वनडे रैंकिंग में भी शानदार सुधार किया है। उन्होंने 35 स्थान की छलांग लगाकर 37वां स्थान हासिल किया है। श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जैक्स ने 46 रन की पारी खेलने के साथ गेंदबाजी में भी कमाल किया और 5 विकेट अपने नाम किए। उनके ऑलराउंड प्रदर्शन का असर रैंकिंग में भी दिखाई दिया है।

इंग्लैंड की श्रीलंका पर बड़ी जीत

चेस्टर ली स्ट्रीट। कप्तान हैरी ब्रूक के 67 रन और स्पिनर विल जैक्स के 5 विकेट की मदद से इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 89 रन से हराकर सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपना दबदबा बरकरार रखा। इंग्लैंड ने इससे पहले श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। इंग्लैंड की जीत के नायक जैक्स रहे।

उन्होंने नाबाद 46 रन बनाकर कप्तान ब्रूक का अच्छा साथ दिया। इससे पहले बल्लेबाजी करने वाली इंग्लैंड की टीम 48.1 ओवर में 265 रन बनाने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (32), जो रूट (44) और जोस बटलर (31) ने भी योगदान दिया। जैक्स ने इसके बाद गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और 22 रन लेकर 5 विकेट लिए। पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी और श्रीलंका की टीम 37 ओवर में 176 रन पर आउट हो गई।

भारत के खिलाफ खेलेंगे न्यूजीलैंड के 7 तेज गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| राजकोट

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 7 प्रमुख तेज गेंदबाजों को अपनी टीम में चुना है, जिनमें फिट होकर लौटे एडम मिल्ने भी शामिल हैं। यह श्रृंखला 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगी। मिचेल सैंटनर 4 शहरों में 11 दिनों तक चलने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार इस वर्ष के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के बाद उपविजेता रही टीम के 13 खिलाड़ियों को घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में बरकरार रखा गया है। न्यूजीलैंड ने अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को काफी मजबूत किया है, जिसमें 34 वर्षीय मिल्ने के अलावा लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, जैकब डफी, जैक

फाउल्क्स और नाथन स्मिथ शामिल हैं।

रचिन रविंद्र सीरीज से बाहर

ऑलराउंडर रचिन रविंद्र कंधे की चोट के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे लेकिन उनकी 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला में वापसी करने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'भारत एक बेहतरीन टीम और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी है, इसलिए कीवी प्रशंसकों के सामने अपनी परिस्थितियों में उनसे मुकाबला करना वास्तव में रोमांचक होगा।' भारत इस दौरे में पांच वनडे और दो टेस्ट मैच भी खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया-ए ने भारत को 2 विकेट से हराकर की बराबरी

एजेंसी ▶▶| मोहाली

ऑस्ट्रेलिया की महिला-ए टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेले गए अनाधिकारिक वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 2 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेहमान टीम ने सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। अंतिम मैच 25 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 6 विकेट खोकर 338 रन बनाए। तनीषा सिंह ने प्रिया पुनिया के साथ पहले विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। प्रिया 32 गेंदों में 7 चौकों के साथ 36 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान यास्तिका भाटिया ने मोर्चा संभाला। उन्होंने तनीषा (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन और तेजल हसबनीस के साथ तीसरे विकेट के लिए 124 रन जोड़कर टीम को 242 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इसके बाद अनुष्का शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने तेजल के साथ चौथे विकेट के लिए 42 रन जुटाए, जबकि सायली सतघारे के साथ सातवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी./14/26/40 दिनांक: 15.09.2026

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय	मात्रा
1	06265103	डिजाइन, इंजीनियरिंग, मेनुफेक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन एंड कमिसनिंग ऑफ इओटी क्रेन ऑफ 30/10 टन केपेसिटी विथ सराउंडेड टाईप डीएसएल एंड रिमोट कंट्रोल.	01.10.2026 At 10:30 hrs	1 सेट
2	01264197	ओवरहॉलिंग किट सेट फॉर एलआरयूएस ऑफ सीसीबी 2.0 सिस्टम फॉर डीजल लोकोमोटिव्स.	07.10.2026 At 10:30 hrs	18 सेट

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सीपीआर/10/409

सहायक सामग्री प्रबंधक-III
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा

क्रमांक/ 3508/रा.वि/न पा.नि./ 2026 अम्बिकापुर दिनांक 23/09/2026

-:सार्वजनिक सूचना:-

नगर पालिक निगम अम्बिकापुर क्षेत्रान्तर्गत रिंग रोड एवं गौरवपथ में 05 जोन (गांधी चौक से बिलासपुर चौक, गांधी चौक से लरंगसाय चौक, बिलासपुर चौक से सद्भावना चौक, सद्भावना चौक से लरंग साय चौक तथा गौरवपथ) स्थित विद्युत खम्भों (डिवाईडर पोल) पर जोन वार सामान्य विज्ञापन बोर्ड / लाईट बॉक्स विज्ञापन बोर्ड (2X4) लगाने हेतु निगम में पंजीकृत विज्ञापन एंजेंसियों से ऑफर प्रपत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के द्वारा दिनांक 14.10.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदायें बंद लिफाफा में आमंत्रित की जाती है निर्धारित तिथि एवं समयावधि के समाप्ति पश्चात तथा निर्धारित प्रीमियम राशि से कम राशि के प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जवेगा। कार्य हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जाने बावत दिनांक 06.10.2026 तक आवेदन प्रस्तुत किया जाना होगा एवं दिनांक 09.10.2026 तक निर्धारित शुल्क प्रति जोन रूपये 1000/- भुगतान उपरान्त प्रपत्र नगर पालिक निगम निगम अम्बिकापुर के प्रशासनिक भवन के राजस्व शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के पूर्व होर्डिंग ठेकेदार पंजीयन शुल्क रूपये 10,000.00 एवं पूर्व में पंजीकृत विज्ञापन एजेन्सी / उम्मीद्वार को रूपये 5000/- नगद जमा कर पंजीयन नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा। पंजीयन विज्ञापन एजेन्सी / उम्मीद्वार को ऑफर प्रपत्र प्रदान किया जावेगा। प्राप्त निविदायें दिनांक 14.10.2026 को ही अपरान्ह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकारों / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोले जायेंगे अन्य शर्ते नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के प्रशासनिक भवन के राजस्व शाखा से कार्यालयीन कार्य दिवस एवं समयावधि में अवलोकन की जा सकती है।

नोट :- निगम द्वारा प्रति ट्यूबलर पोल के दोनो तरफ से सामान्य विज्ञापन बोर्ड / लाईट विज्ञापन बॉक्स (2X4) आकार हेतु रूपए 2000.00 प्रति पोल की दर निर्धारित है जिससे अधिक राशि का ही ऑफर निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : ऑफिस काम्पलेक्स प्रथम तल, ब्लॉक-सी, गौतम नगर, भोपाल-462023
e-mail: zobhopal@indianbank.bank.in

सुश्री महिमा सेठ पुत्री श्री मिलन सेठ, सहायक प्रबंधक शाखा-मुरैना, कर्मचारी आईडी: 774566, एस आर क्र. 35697 से अधिकृत अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा जारी चार्जशीट दिनांक 15.11.2025, का जवाब सात दिवस के अंदर प्रस्तुत करने हेतु मांग की गई थी जिसमे उनकी अनाधिकृत गैरहाज़िरी, सक्षम अधिकारी के विधिपूर्ण आदेश व कॉर्पोरेट कार्यालय के दिशानिर्देशों के उल्लंघन और अनुशासनहीन होने की वजह से उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ होने की सूचना दी गयी थी। आरोप-पत्रित अधिकारी को बैंक द्वारा विभिन्न चरणों व अखबार प्रकाशन दिनांक 08.03.2026 के माध्यम से विभागीय कार्यवाही की जानकारी दिए जाने के बाद भी किसी भी प्रकार का प्रस्तुतीकरण नहीं प्राप्त होने पर यह माना गया कि उनके पास देने के लिए कोई जवाब नहीं है। परिणामस्वरूप, दिनांक 17.03.2026 को विभागीय जांच की कार्यवाही पूर्ण कर एकपक्षीय (ex-parte) निर्णय लेते हुए जांच अधिकारी द्वारा अपनी "जांच प्राधिकारी के निष्कर्ष" की रिपोर्ट दिनांक 08.04.2026 को अधिकृत अनुशासनिक प्राधिकारी को सौंप दी गयी, जिसे बैंक रिकॉर्ड अनुसार दो बार सुश्री महिमा सेठ के अंतिम पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट से दिनांक 22.07.2026 और 06.08.2026 को भेजा गया जो कि क्रमश: 29.07.2026 व 12.08.2026 को तामिल हुई, परन्तु फिर भी आज दिनांक तक अधिकारी की तरफ से कोई भी जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।

अत: इस अंतिम नोटिस एवं प्रकाशन के माध्यम से आरोप-पत्रित अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आपको "जांच अधिकारी की रिपोर्ट" पुन: व अंतिम बार डाक द्वारा दिनांक 23.09.2026 को प्रेषित कर दी गयी है जिसका लिखित स्पष्टीकरण, 10 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत ना होने पर यह मान लिया जाएगा कि आप कोई स्पष्टीकरण देना नहीं चाहती और ऐसी स्थिति में बैंक द्वारा, बिना कोई और जानकारी दिए, आपकी सेवाओं को समाप्त कर दिया जाएगा।

दिनांक: 23.09.2026
स्थान: भोपाल
अनुशासनिक प्राधिकारी / सहायक महाप्रबंधक

भारत का अनोखा फूल, खिलने में लगते हैं 12 साल

तिरुवनंतपुरम।भारत को विविधताओं का देश कहा जाता है और इसकी वजह सिर्फ यहां की अलग-अलग भाषाएं और संस्कृतियां नहीं हैं। कश्मीर की बर्फीली वादियों से लेकर कन्याकुमारी के समुद्री किनारों तक प्रकृति ने हर इलाके को अपने अलग रंग से सजाया है। कहीं ऊंचे पहाड़ हैं, कहीं घने जंगल, कहीं रेगिस्तान तो कहीं ऐसी घाटियां हैं, जहां पहुंचकर लगता है जैसे प्रकृति ने खुद कोई खूबसूरत तस्वीर बना दी हो। इन्हीं कुदरती नजारों के बीच केरल की पहाड़ियों में एक ऐसा फूल खिलता है, जिसका इंतजार लोगों को पूरे 12 साल तक करना पड़ता है। नाम है नीलकुरिंजी।

केरलम की पहाड़ियों में मिलता है ये फूल

केरलम को 'ईश्वर का अपना देश' कहा जाता है। यहां समुद्र, झरने, जंगल और पहाड़ मिलकर इसे बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इसी राज्य में बसा है मुन्नार, जो समुद्र तल से करीब 1600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मुन्नार चाय, कॉफी और मसालों के बागानों के लिए जाना जाता है। यहां की ठंडी हवा, हरियाली और पहाड़ियों का नजारा हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। लेकिन, मुन्नार की पहचान सिर्फ इन चीजों तक ही नहीं है। यहां एक ऐसा फूल भी खिलता है, जो इस जगह को बाकी हिल स्टेशनों से अलग बना देता है। यह फूल है नीलकुरिंजी, जो अपनी दुर्लभता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है।

खिलता है तो बदल जाता है पूरा नजारा

नीलकुरिंजी की सबसे खास बात इसका खिलने का चक्र है। यह फूल करीब 12 साल में एक बार खिलता है। यानी अगर किसी ने इसे एक बार देखा, तो अगली बार उसी नजारे को देखने के लिए उसे लगभग 12 साल इंतजार करना पड़ सकता है। केरलम में इसे आमतौर पर 'कुरिंजी' कहा जाता है। यह स्ट्रोबिलैंथिस समूह से जुड़ा पौधा है। इस समूह की भारत में कई प्रजातियां पाई जाती हैं और सभी के फूल खिलने का समय एक जैसा नहीं होता। कुछ प्रजातियां कुछ साल के अंतराल पर खिलती हैं, जबकि कुछ को इससे भी ज्यादा समय लगता है। नीलकुरिंजी का लंबा अंतराल ही इसे इतना खास बनाता है।

नीलकुरिंजी के लिए बनाया गया खास संरक्षित क्षेत्र

नीलकुरिंजी का प्राकृतिक आवास लगातार कम होने की वजह से इसके संरक्षण की जरूरत महसूस की गई। इसी उद्देश्य से केरल में कुरिंजीमाला सैंक्चुअरी बनाया गया। साल 2006 में करीब 32 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को नीलकुरिंजी के संरक्षण के लिए सुरक्षित किया गया था। यह इलाका मुन्नार से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां नीलकुरिंजी की विभिन्न प्रजातियों और उनके प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित रखने की कोशिश की जाती है। इसके संरक्षण में स्थानीय पर्यावरण कार्यकर्ताओं और कई अभियानों की भी भूमिका रही है।

वो गांव, जहां हर घर में बनते हैं खिलौने, दुनियाभर में इसकी धूम

बेंगलुरु। प्लास्टिक और डिजिटल गैजेट्स के आधुनिक युग में कर्नाटक का एक छोटा सा कस्बा आज भी भारत की प्राचीन हस्तशिल्प परंपरा की मशाल को रोशन किए हुए है। बेंगलुरु से मैसूर राजमार्ग पर लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चन्नपटना को

दुनिया भर में 'खिलौनों का शहर' के नाम से जाना जाता है। लगभग तीन शताब्दियों पुरानी इस अद्भुत कला को यहां की भावी पीढ़ियों ने न केवल सहेज कर रखा है, बल्कि इसे गांव के हर दूसरे घर की प्राथमिक आजीविका का जरिया भी बना दिया है। 2006 में चन्नपटना के लकड़ी के खिलौनों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई टैग प्रदान किया गया था, जिसने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई।

100 फीसदी प्राकृतिक

चन्नपटना के खिलौनों की सबसे बड़ी खासियत इनकी 100 फीसदी प्राकृतिक और बाल-सुरक्षित बनावट है। इन्हें बनाने के लिए मुख्य रूप से स्थानीय स्तर पर पाई जाने वाली 'आले मारा' (आइवोरीन वुड) नामक हल्की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। निर्माण प्रक्रिया के तहत लकड़ी को खराद (लेथ मशीन) पर तेजी से घुमाया जाता है और छैनी से मनचाहा आकार दिया जाता है।

एक एकड़ की खेती से किसान कर रहा लाखों की कमाई

लखनऊ। जिले के ग्राम पंचायत बेड़ारु में प्रदेश की पहली नमो 108 कमल की खेती की जा रही है। नमो 108 कमल की उन्नतशील खेती का बुधवार को राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) लखनऊ के वैज्ञानिकों ने निरीक्षण किया। डॉ. केजी सिंह के नेतृत्व में पहुंची चार सदस्यीय टीम ने खेत में कमल की फसल की ग्रोथ और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। वैज्ञानिक डा. केजी सिंह ने नमो 108 कमल की विशेषताओं और खेती से होने वाले संभावित लाभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएसआइआर-एनबीआरआइ द्वारा विकसित नमो 108 कमल एक विशेष किस्म है, जिसमें 108 पंखुड़ियां होती हैं।

चार एकड़ में एक लाख फूल निकलने की संभावना

बेड़ारू में ब्लाक प्रमुख कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह की ओर से करीब चार एकड़ क्षेत्रफल में नमो 108 कमल की खेती की जा रही है। इस खेती से करीब एक लाख कमल के फूल निकलने की संभावना है। कमल के फूलों की धार्मिक आयोजनों, मंदिरों और पूजा-पाठ में मांग रहती है। ऐसे में खेती सफल होने पर किसानों के लिए यह आय का नया माध्यम बन सकती है।

शुभ माना जाता है 108 अंक को

भारतीय परंपरा में 108 संख्या को शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि कई वर्षों के अनुसंधान के बाद इस किस्म को विकसित किया गया है। भारतीय जलवायु के अनुकूल यह कमल प्रदेश के किसानों के लिए आय बढ़ाने का नया अवसर बन सकता है। किसानों को इसकी खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वैज्ञानिक ने बताया कि बेड़ारु में करीब चार एकड़ भूमि में नमो 108 कमल की खेती की जा रही है।



ये गांव है प्रकृति की इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना

नीचे नदी-सुरंग, ऊपर पुल मणि की तरह चमकता सूरज

नई दिल्ली। नीचे कल-कल बहती सरस्वती नदी और बीच में रहस्यमयी सुरंग, ऊपर चट्टान से बना पुल, पास में बना मंदिर, शायद ही आपने प्रकृति के ऐसे अजूबे के बारे में सुना हो। प्रकृति से बड़ा कोई इंजीनियर नहीं। पुल से ऊपर जाती सीढ़ियां, जहां से सूरज मणि की तरह की चमकता नजर आता है। सीढ़ियां के ऊपर एक ऐसी दुनिया है जिसकी सिर्फ लोग कल्पना ही कर सकते हैं। यहां पर विशाल मैदान-पर्वत पहाड़ और सिर्फ बादल नजर आते हैं। पूरे देश से लोग इस गांव को देखने आते हैं। यह गांव धरती का स्वर्ग कहलाता है।

भीम पुल से शुरू होता है स्वर्गारोहिणी मार्ग: भीम पुल से स्वर्गारोहिणी मार्ग शुरू होता है। यहां से 5 किलोमीटर की दूरी पर रहस्यमयी वसुधारा झरना है। इस झरने के बारे में कहा जाता है कि इसका पानी पापी इंसान के ऊपर नहीं पड़ता. स्वर्गारोहिणी मार्ग पर जैसे ही आगे बढ़ते हैं तो सबसे पहले द्रोपदी का मंदिर आता है। मान्यता के मुताबिक, स्वर्ग जाते समय द्रौपदी की ही मृत्यु हुई थी। स्वर्गारोहिणी मार्ग पर जिस ओर से सूरज निकलता है, वहां पर कई जगह अंधेरा भी नजर आता है। यहां पर ऐसा लगता है कि जैसे प्रकृति ने दोनों हाथ से सुंदरता बिखेरी हो।

भीम ने द्रौपदी के पार जाने के लिए बनाया था पुल

उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम के पास देश के प्रथम गांव माणा बसा हुआ है। यह चमोली जिले में आता है। बद्रीनाथ से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां पर सरस्वती नदी के ऊपर एक विशाल चट्टान से बना प्राकृतिक पुल है जिसे 'भीम पुल' कहा जाता है। मान्यता है कि इसे भीम ने द्रौपदी के पार जाने के लिए बनाया था। पुल के आसपास मंदिर-दुकानें हैं। इसी पुल से ऊपर जाती सीढ़ियां स्वर्गारोहिणी मार्ग की ओर जाती हैं। कहा जाता है कि पांडवों ने द्रौपदी के साथ स्वर्ग जाने के लिए माणा गांव में बने स्वर्गारोहिणी मार्ग का उपयोग किया था।

चक्रतीर्थ में अर्जुन ने त्याग दिए थे प्राण

सहस्त्र धारा से दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर चक्रतीर्थ है। बर्फीला रास्ता पार करने के बाद चक्रतीर्थ मिलता है। कहा जाता है कि स्वर्ग की यात्रा के दौरान युधिष्ठिर, भीम और अर्जुन ही चक्रतीर्थ तक पहुंच पाए थे। चक्रतीर्थ में ही अर्जुन ने अपने प्राण त्याग दिए थे। आगे चलकर सतोपंथ ताल या त्रिमूर्ति सरोवर मिलता है। मान्यता है कि एकादशी के दिन यहां पर देवतागण स्नान करने आते हैं। पुराणों में बताया गया है कि सतोपंथ ताल से ही स्वर्ग का रास्ता जाता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :